


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 294


ग्वालियर, गुरुवार 14 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# कोरोना के सब-वेरिएंट से कांपा ड्रैगन, 9 फीसदी टूटा चीन का बाजार, लॉकडाउन की आशंका

**बीजिंग।** कोरोना के सब-वेरिएंट से ड्रैगन बुरी तरह दहशत में है दरअसल, चीन में कोविड का एक नया सब-वेरिएंट बड़े स्तर पर फैल रहा है। हालात ऐसे हैं कि एक बार फिर से चीन में लॉकडाउन लग सकता है। भविष्य के लिए बिगड़ रहे हालातों को देखते हुए चीन का शेयर बाजार भी भयभीत है। यही वजह है कि 28 जून के बाद से हांग सेंग चायना इंटरप्राइज इंडैक्स तकरीबन 9 फीसदी गिर चुका है। एक खबर के अनुसार, चीन के फाइनेंशियल मार्केट्स इकॉनमी में सुस्ती के संकेत दे रहे हैं। यदि कोरोना संक्रमण को बढ़ने देने से रोकना है तो लॉकडाउन लगाया जा सकता है। यदि लॉकडाउन हुआ तो आर्थिक गतिविधियों पर ब्रेक लगेगा और






शेयर बाजार और ज्यादा गिर सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन में कोरोना के सब-वेरिएंट का डर व्याप्त है। यदि इसकी वजह से लॉकडाउन हुआ तो फैक्ट्रियों में उत्पादन ठप हो जाएगा। लोग खर्च नहीं कर पाएंगे। कंस्ट्रक्शन से जुड़े काम रुक जाएंगे और परिवहन भी ठप हो जाएगा। जानकार बताते हैं कि हाल ही में क्रूड ऑयल के दामों में जो गिरावट आई है। उसकी वजह चीन में कुछ जगहों पर लॉकडाउन का लगना है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को ऑफिशियल डेटा में दूसरी तिमाही में चीन की इकॉनमिक ग्रोथ सिर्फ 1।2 फीसदी रहने की उम्मीद है। इकॉनमी से जुड़े इंडिकेटर्स गिरावट शुरू होने का संकेत दे चुके हैं। उधर, चीन के केंद्रीय बैंक ने लिक्विडिटी बढ़ाने वाले उपायों को वापस लेना शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि इससे इस साल के शेष समय में वित्तीय स्थितियों पर दबाव बन सकता है। सेक्सो बैंक में इक्विटी स्ट्रैटेजी के हेड पीटर गार्नरी ने कहा, %इनवेस्टर्स की सबसे बड़ी चिंता आर्थिक गतिविधियां फिर से ठप होने को लेकर हैं। बड़े पैमाने पर टेस्टिंग और वेट रिबेट्स का काफी असर लोकल गवर्नमेंट के बजट पर पड़ रहा है। इससे इकॉनमी को सहारा देने की उनकी क्षमता घट रही है।% चीन की सरकार की उम्मीदें इस साल की दूसरी छमाही पर टिकी हैं। सरकार का मानना है कि इससे 5.5 फीसदी ग्रोथ का टार्गेट हासिल हो जाएगा। सरकार के वित्तीय उपायों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ाना, बिजनेस पर टैक्स कम करना जैसे कदम शामिल हैं। इसके बावजूद ग्रोथ का टारगेट हासिल होता नजर नहीं आ रहा। सबसे बड़ी वजह कोरोना को बढ़ने से रोकने के लिए फिर से आर्थिकि गतिविधियों पर पाबंदी की आशंका है।

## कोरोना की बूस्टर डोज भी मिलेगी मुफ्त 15 जुलाई से शुरू होगा अभियान

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए बूस्टर डोज भी अब फ्री में लोगों को मुहैया कराने की तैयारी है। 18 से 59 साल तक की उम्र के लोगों को यह सुविधा सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर मिल सकती है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक 15 जुलाई से विशेष अभियान के तहत यह सुविधा दी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि 75 दिनों तक यह



अभियान चलेगा। इसके तहत पहले लगीं दो वैक्सीन डोज की तरह ही लोग सरकारी केंद्रों में जाकर बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। बता दें कि कोरोना संक्रमण की दर में बीते कुछ वक्त से इजाफा देखने को मिल रहा है और इसी के चलते सरकार ने लोगों से बूस्टर डोज लगवाने की अपील की है। हालांकि एक वर्ग की मांग थी कि पहले की दो खुराकों की तरह ही बूस्टर डोज भी मुफ्त में मुहैया कराई जानी चाहिए। इसी बीच सरकार ने अब इस टीके को भी मुफ्त में ही दिए जाने का फैसला लिया है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 दिनों का यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। अब तक 18 से 59 साल की आयु के 77 करोड़ लोगों में से सिर्फ एक फीसदी लोगों ने ही बूस्टर डोज लगवाई है। ऐसे में माना जा रहा है कि मुफ्त टीकाकरण की पहल से इस आंकड़े में बड़ा इजाफा होगा और लोग सरकारी केंद्रों पर जाकर बचाव के लिए बूस्टर डोज लेंगे। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि अब तक 60 साल या उससे अधिक आयु के लोगों और फ्रंटलाइन वर्कर्स में से 26 फीसदी ने बूस्टर डोज लगवा ली है।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से हाल बेहाल, बाढ़ की वजह से अब तक 84 लोगों की मौत

- मुंबई में अगले 24 घंटों में भारी बारिश की संभावना, कई इलाकों में भरा पानी
- अगले 4-5 दिनों के दौरान महाराष्ट्र में गरज के साथ भारी बारिश के आसार
- मौसम विभाग ने फिर जारी किया रेड अलर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भारी बारिश का सिलसिला जारी है. भारी बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं और जान-माल का भी नुकसान हो रहा है. इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक अगले 4-5 दिनों के दौरान महाराष्ट्र में गरज के साथ भारी बारिश के आसार हैं. वहीं बिजली गिरने की भा आशंका हैं.



मौसम विभाग ने पालघर, नासिक, रायगड, पुणे, सतारा और कोल्हापुर में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है. महाराष्ट्र में बाढ़ की वजह से अब तक 84 लोगों की मौत हो गई है. दूसरी तरफ महाराष्ट्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक अधिकतर शहरों में अच्छा श्रेणी में रिकॉर्ड हो रहा है।

**बारिश से बेहाल हुई मुंबई :** लगातार हो रही बारिश से मुंबई बेहाल हो चुकी है. सोमवार रात से शहर में भारी बारिश का दौर जारी है. वहीं तेज बरसात की वजह से कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात हो गए है. इस कारण ट्रैफिक की स्पीड पर भी ब्रेक लग गया है और लोगों को आवाजाही संबंधित दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. बारिश के बीच मुंबई में मरीन ड्राइव पर हाई टाइड भी देखा गया. इस बीच भारत मौसम विभाग के मुताबिक मुंबई को अभी बारिश से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भारी बारिश की संभावना जताई है।

**मुंबई को जलापूर्ति करने वाली झीलों का वॉटर स्टॉक बढ़ा:** मुंबई में लगातार बारिश के कारण जहां एक तरफ जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है तो वहीं दूसरी तरफ शहर को पेयजल की आपूर्ति करने वाली झीलों को इसका फायदा पहुंचा है. दस दिन पहले, झीलों में कुल पानी का भंडार केवल लगभग 1.6 लाख मिलियन लीटर था।

## स्मृति का ममता पर हमला, बोली- संविधान के प्रति सम्मान का भाव नहीं रखती तृणमूल, मां काली का किया अपमान

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पश्चिम बंगाल की सीएम मता बनर्जी पर निशाना साधते हुए हमला बोला है। नए संसद भवन के ऊपर राष्ट्रीय प्रतीक की टीएमसी की आलोचना पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी पार्टी से अप्रत्याशित नहीं है जो देवी काली का अपमान करती है और संविधान के लिए बहुत कम सम्मान रखती है। नौकरशाह बने तृणमूल कांग्रेस के सांसद जवाहर सरकार ने दावा किया कि मूल राष्ट्रीय प्रतीक में अशोक के शेर %सुंदर% थे, जबकि नए संसद भवन के शेर आक्रमक है। ईरानी ने हावड़ा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन नेताओं ने वर्षों से संविधान की या तो अवहेलना की है या उन्हें त्याग दिया है, उनसे राष्ट्रीय प्रतीक का विरोध करने की अपेक्षा की जाती है। आज वे राष्ट्रीय प्रतीक से डरते हैं, जो हमारे देश का गौरव है। यह पार्टी और उसके नेताओं की ओर से अप्रत्याशित नहीं है, जो देवी काली का भी अपमान करते हैं। जवाहर सरकार ने राष्ट्रीय प्रतीक के दो अलग-अलग चित्रों को साझा करते हुए ट्वीट किया, 'यह हमारे राष्ट्रीय प्रतीक का, अशोक की



लाट में चित्रित शानदार शेरों का अपमान है। बाईं ओर मूल चित्र है। मोहक और राजसी शान वाले शेरों का। दाईं तरफ मोदी वाले राष्ट्रीय प्रतीक का चित्र है जिसे नये संसद भवन की छत पर लगाया गया है। इसमें गुर्राते हुए, अनावश्यक रूप से उग्र और बेडौल शेरों का चित्रण है। शर्मनाक! इसे तत्काल बदलिए।' उनकी पार्टी की सहयोगी और लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने भी राष्ट्रीय प्रतीक की दो तस्वीरें ट्वीट करते हुए पिछली संरचना की तुलना नए संसद भवन के ऊपर स्थापित प्रतीक से की। स्मृति ईरानी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल ने राष्ट्रीय प्रतीक के बारे में अपने सांसदों की बातों का समर्थन किया।

## खास खबर

### बाबा बर्फानी के दर्शन का समय घटा, अब गुफा के पास रुक भी नहीं सकते श्रद्धालु

**श्रीनगर।** बाबा अमरनाथ श्राईन बोर्ड ने हादसे को ध्यान में रखकर बड़ा फैसला लिया है। फैसले के तहत अब अमरनाथ गुफा के पास रहने की व्यवस्था खत्म होगी। साथ ही दर्शन के समय में भी कटौती की गई है। यानी कि अब शाम 6 बजे की बजाय 4 बजे तक ही श्रद्धालु दर्शन कर सकते हैं। इसके अलावा टेंट लगाने वालों को भी गुफा से दूर टेंट लगाने का निर्देश जारी किया गया है। बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ में कई लोगों की जान जाने के बाद चार दिन से गांदरबल जिले में बालटाल मार्ग पर निलंबित की गई अमरनाथ यात्रा मंगलवार को फिर से शुरू हो गई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था बालटाल आधार शिविर से तड़के गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ गुफा के पास आठ जुलाई को बादल फटने पर हुई भीषण बारिश के कारण अचानक बाढ़ आने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 30 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। पहलगाम मार्ग पर अमरनाथ यात्रा सोमवार को शुरू कर दी गई थी।

### पूर्व मंत्री और बसपा नेता हाजी याकूब कुरैशी पर चला योगी का डंडा

**नई दिल्ली।** बसपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी की करीब 100 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी को मेरठ पुलिस प्रशासन ने कुर्क कर लिया है। हाजी याकूब कुरैशी और उनके दोनों बेटे खरखोदा में दर्ज मुकदमे में फिलहाल फरार चल रहे हैं। पुलिस के नोटिस और कोर्ट के आदेश के बावजूद तीनों में से कोई भी अभी तक कोर्ट के सामने पेश नहीं हुआ था। इसी के चलते यह कार्रवाई बुधवार दोपहर को मेरठ पुलिस प्रशासन की टीम ने की है। खरखोदा के अलीपुर में याकूब के बेटे इमरान की मिट फैक्ट्री है। इसी फैक्ट्री पर 31 मार्च 2022 को मेरठ पुलिस प्रशासन की टीम में छापेमारी की थी। सूचना मिली थी कि फैक्ट्री में अवैध रूप से मीट पैकिंग की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने मौके से भारी मात्रा में फंगस लगा हुआ मीट भी बरामद किया था, जिससे बाद फैक्ट्री को सील कर दिया गया था। इसी मामले में हाजी याकूब कुरेशी, उनके बेटे इमरान, फिरोज और पत्नी संजीदा बेगम समेत 17 लोगों पर खरखोदा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था । इसकी इसी मामले में हाजी याकूब कुरैशी और उनके दोनों बेटे फरार हैं। फिलहाल हाजी याकूब कुरैशी की पत्नी संजीदा बेगम इस मामले में जमानत पर बाहर है।

### बीजेपी विधायक को महिलाओं ने कीचड़ से नहलाया पूर्वांचल में बारिश के लिए हाहाकार

**लखनऊ।** यूपी के महराजगंज में बारिश न होने से परेशान महिलाओं ने इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए बीजेपी विधायक जय मंगल कन्नौजिया और नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल को कीचड़ से नहला दिया। उन्होंने दोनों जनप्रतिनिधियों के पास जाकर बकायदा अनुरोध किया वे खुद को कीचड़ से नहलाने दें। इस अनुरोध को दोनों जनप्रतिनिधियों ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद महिलाओं ने दोनों को कीचड़ से नहला दिया। बता दें कि इस साल मानसून पूर्वी यूपी से रूठ गए हैं। बारिश के लिए हाहाकार मचा है।

# श्रीलंका में जनाक्रोश के बीच के राष्ट्रपति गोटबाया देश छोड़ भागे, मालदीव पहुंचे

**कोलंबो।** मंहगाई और आर्थिक रूप से बेहाल श्रीलंका में जनाक्रोश के बीच राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे बुधवार को सेना के एक विमान से देश छोड़कर मालदीव पहुंच गए हैं। देश की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण उनके और उनके परिवार के खिलाफ बढ़ते जन आक्रोश के बीच राजपक्षे ने बुधवार को इस्तीफा देने की घोषणा की थी। श्रीलंका की वायु सेना ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि 73 वर्षीय नेता अपनी पत्नी और दो सुरक्षा अधिकारियों के साथ सेना के एक विमान में देश छोड़कर चले गए हैं। बयान में कहा गया है, 'सरकार के अनुरोध पर और संविधान के तहत राष्ट्रपति को मिली शक्तियों के अनुसार, रक्षा मंत्रालय की पूर्ण स्वीकृति के साथ राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और दो सुरक्षा अधिकारियों को 13 जुलाई को कातुनायके अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से मालदीव रवाना होने के लिए श्रीलंकाई वायु सेना का विमान उपलब्ध कराया गया।' प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी राष्ट्रपति के देश छोड़ने की पुष्टि की है।



ऐसा बताया जा रहा है कि राजपक्षे नल्ल सरकार द्वारा गिरफ्तारी की आशंका से बचने के लिए इस्तीफा देने से पहले विदेश जाना चाहते थे। यहां सूत्रों ने मालदीव के अधिकारियों के हवाले से बताया कि गत रात वेलाना हवाई अड्डे पर मालदीव सरकार के प्रतिनिधियों ने राजपक्षे की अगवानी की। एक खबर के मुताबिक, राजपक्षे मालदीव से किसी अन्य देश जा सकते हैं, जिसके बारे में अभी जानकारी नहीं है। बहरहाल, आव्रजन अधिकारियों ने पुष्टि की कि उनके छोटे भाई और पूर्व वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे गत रात देश छोड़कर नहीं गए। देश के सबसे खराब आर्थिक संकट के लिए काफी हद तक बासिल (71) को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। बासिल के पास अमेरिका का पासपोर्ट है। इससे पहले सोमवार रात को राजपक्षे और उनके भाई बासिल ने राजपक्षे परिवार के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश के बीच देश छोड़ने की कोशिश की, लेकिन हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया था। बासिल ने ईंधन, खाद्य पदार्थ और अन्य जरूरी वस्तुओं की कमी के खिलाफ लोगों के सड़कों पर उतर जाने के बाद अप्रैल की शुरुआत में वित्त मंत्री के तौर पर इस्तीफा दे दिया था और जून में संसद में अपनी सीट त्याग दी थी।

## कैदियों की संख्या के मद्देनजर सरकार को नए जमानत कानून बनाने पर विचार करना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने सरकार को नया जमानत कानून बनाने का एक बेहद अहम सुझाव दिया। कोर्ट ने भारत की जेलों में विचाराधीन कैदियों की भरमार को देखते सरकार से कहा कि उसे आपराधिक मामलों में जमानत का नया कानून बनाने पर विचार करना चाहिए क्योंकि बेल की प्रक्रिया में सुधार की 'अत्यधिक आवश्यकता' है। 45 साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी थी कि 'जमानत नियम है और जेल अपवाद'। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आजादी से पहले अंग्रेजों ने जो कानून बनाया था, हम थोड़े-बहुत संशोधनों के साथ उसी को ढो रहे हैं। आइए जानते हैं कि सर्वोच्च अदालत को नया जमानत कानून बनाने का सुझाव देने की जरूरत क्यों पड़ी, हमारे कानून में जमानत पर क्या कहा गया है, और सुप्रीम कोर्ट ने यूके के जिस बेल एक्ट से सीख लेने की सलाह दी, उसमें ऐसा क्या खास है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत की जेलों में विचाराधीन कैदियों की भरमार है। आंकड़ों को देखें तो कुल कैदियों में दो-तिहाई से ज्यादा ऐसे कैदी हैं, जो अपने मुकदमों की सुनवाई का इंतजार करते हुए जेल में बंद हैं। बहुत से कैदियों की जमानत अर्जियां कानूनी पचड़ों की वजह से महीनों तक लटकी रहती हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि जेलों में बंद कैदियों में काफी सारे ऐसे हैं, जिनकी गिरफ्तारी की असल में जरूरत भी नहीं थी। किसी कैदी का बरी होने से पहले लगातार हिरासत में रहना उसके प्रति 'गंभीर अन्याय' है।

## शिंजो आबे के मर्डर के पीछे जुड़े हैं उनके नाना के तार, हत्यारे ने किया चौंकाने वाला खुलासा!

**टोक्यो।** जापान में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के मर्डर को लेकर हत्यारे ने जो खुलासा किया वह काफी चौंकाने वाला है। हत्या पर यहां के यूनिफिकेशन चर्च की तरफ से हैरानी जताई गई है। चर्च उन रिपोर्ट्स को पढ़कर हैरान है जिसमें हत्यारे तेत्सुया यामागामी ने उसके खिलाफ नाराजगी की बात कही है। चर्च का कहना है कि पूर्व पीएम आबे की हत्या और हमारे संगठन के लिए नाराजगी के बीच दूर-दूर का रिश्ता नहीं है। यूनिफिकेशन और विश्व शांति फैमिली फेडरेशन के जापान ऑफिस के चेयरमैन तोमीहिरो तांका की तरफ से ये बयान दिया गया है। उनका कहना है कि चर्च भी इस बात को समझने की कोशिशें कर रहा है कि ये सब क्यों हुआ और पुलिस के साथ पूरी तरह से सहयोग किया जाएगा ताकि हत्या का मकसद पता चल सके। चर्च की तरफ से ये टिप्पणी उस समय की गई है जब जापान के सरकारी ब्रॉडकास्टर ने कहा था कि 41 साल के यामागामी ने पूर्व पीएम आबे को इसलिए मारा क्योंकि उसे लगता था कि उनके नाना, जो देश के एक लोकप्रिय नेता थे, उन्होंने चर्च के विस्तार में मदद की थी। यामागामी इस चर्च से खासा नाराज था। आबे के नाना नोबुसुके किशी देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।



यामागामी ने जांचकर्ताओं को पूछताछ में बताया कि उसे लगता था कि किशी की वजह से इस चर्च का विस्तार हुआ और इसलिए उसने उनके नाती पूर्व पीएम आबे की हत्या के बारे में सोचा। यामागामी के शब्दों में, एक खास धार्मिक संगठन के खिलाफ मेरे मन में गुस्सा था और मुझे लगता कि पूर्व पीएम आबे इस ग्रुप के काफी करीब थे। मेरी मां इस संगठन से जुड़ीं और उन्होंने इसे बड़ी मात्रा में डोनेशन दी जिसकी वजह से मेरा परिवार मुश्किल में आ गया था। यामागामी पर अभी औपचारिक तौर पर कोई भी आरोप तय नहीं हुआ है। लकिन जांच जारी है और खुद यामागामी ने भी आबे पर गोली चलाने की बात मान ली है। आबे पर नारा सिटी में हमला हुआ था जब वो एक चुनावी रैली में भाषण दे रहे थे। इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि आखिर यामागामी किस ग्रुप का जिक्र कर रहा था या फिर आबे या किसी संगठन की तरफ यामागामी के दिल में नफरत थी। लेकिन सोमवार को जापान के यूनिफिकेशन चर्च के चेयरमैन की तरफ से कहा गया है कि यामागामी की मां उनके संगठन की सदस्य थीं और माह में एक बार चर्च के कार्यक्रम में शामिल होती थीं। तांका ने कहा है कि यामागामी खुद चर्च का सदस्य नहीं रहा।

## ईरान- हिजाब के विरूद्ध सड़कों पर उतरी युवा महिलाओं, राष्ट्रपति के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**तेहरान।** ईरान में हिजाब कानून को लेकर युवा महिलाएं सरकार के खिलाफ लामबंद है और विरोध जताने सड़कों पर हैं। ईरान में हिजाब कानून के तहत महिलाओं को हर कीमत पर अपने बालों को सार्वजनिक स्थल पर ढंक कर रखना होता है। सोशल मीडिया पर आ



रहे वीडियोज में साफ नजर आ रहा है कि कैसे महिलाएं देश के कट्टर राष्ट्रपति के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी जो एक मौलाना हैं और जिन्हें देश के हर रूढ़िवादी वर्ग का समर्थन हासिल है, उन्हें देश के युवाओं का गुस्सा झेलना पड़ रहा है। देश के युवा, हिजाब कानून को इस्लामिक समाज में नैतिक भ्रष्?टाचार को सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ाने का जरिया बता रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों के चलते यहां पर अथॉरिटीज ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। ईरान में अथॉरिटीज ऐसे लोगों को पकड़ रही हैं जो विरोध प्रदर्शनों का मन बना चुके हैं। इन अथॉरिटीज ने मंगलवार को इसके तहत ही राजधानी तेहरान के आजादी स्टेडियम में हिजाब और पवित्रता का जश्न मनाया। ये एक फुटबॉल स्टेडियम है और यहां पर जो कार्यक्रम हुआ उसमें महिलाओं को हिजाब पहनने के नियम को मानने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ईरान के सुरक्षाबल पूरे देश में गश्त लगा रहे हैं और महिलाओं को ड्रेस कोड का पालन करने के लिए कह रहे हैं। वहीं बड़े पैमाने पर ड्रेस कोड के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। ईरान में महिलाओं को अपना सिर हर हाल में कवर रखना होता है। वो किसी भी सूरत में बालों को कवर किए बिना सार्वजनिक स्थल पर नजर नहीं आ सकती हैं। लेकिन ये प्रतिबंध एक प्रशासन से अलग प्रशासन तक अलग-अलग नजर आते हैं। ये प्रतिबंध इस बात पर भी निर्भर करते हैं कि महिला का राजनीतिक बैकग्राउंड क्या है?

## न्यूज़ ट्रैक....

### राहुल और आथिया जल्द ही शादी के बंधन में बंधेंगे

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज लोकेश राहुल अभिनेत्री आथिया शेट्टी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं। आथिया और राहुल लंबे समय से रिलेशनशिप में बने हुए हैं। राहुल हाल ही में जर्मनी से सर्जरी कराकर लौटे हैं। राहुल कमर की सर्जरी के कारण ही आजकल टीम से बाहर चल रहे हैं। उनके अगस्त में शुरू हो रहे एशिया कप टी20 में भी खेलने की संभावना नही है। टीम प्रबंधन चाहत है कि राहुल पूरी तरह फिट होने के बाद ही वापसी करें। इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए टीम प्रबंधन राहुल को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। एक रिपोर्ट के अनुसार राहुल और आथिया अगले तीन माह के अंदर मुंबई में शादी कर सकते हैं। इसके लिए होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारी स्वयं आथिया ही देख रही हैं। हाल ही में दोनों अपने घरवालों के साथ नया घर देखने पहुंचे थे। फिलहाल इस घर को नया रुप दिया जा रहा है। राहुल और आथिया शादी के बाद यहीं रहेंगे। आथिया अभिनेता सुनील शेट्टी की बेटी हैं। आथिया ने फिल्म हीरो से एक्टिंग में कदम रखा हालांकि वह अभिनय में अबतक कुछ खास नहीं कर पायी हैं। हीरो के बाद आथिया फिल्म मुबारकां में अर्जुन कपूर के साथ नजर आईं। ये फिल्म भी कुछ खास नहीं कर पायी।

### बुमराह के प्रदर्शन से जाफर प्रभावित

मुम्बई ।पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के शानदार प्रदर्शन की जमकर सराहना की है। बुमराह ने मेजबान टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर 6 विकेट लिए। यह इंग्लैंड में किसी भी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बुमराह से पहले कुलदीप यादव ने साल 2018 में 25 रन देकर 6 विकेट लिए थे। बुमराह ने अपने एकदिवसीय करियर में दूसरी बार पांच या उससे अधिक विकेट लिए हैं। जाफ़र के अलावा भी कई खिलाड़ियों ने इस प्रदर्शन के लिए बुमराह की तारीफ की है। स्पिनर अमित मिश्रा ने लिखा, इंग्लैंड का भारत के खिलाफ सबसे कम स्कोर, आपको सलाम जसप्रीत बुमराह, आपने सिर्फ इंग्लैंड को ही नहीं, बल्कि इंग्लैंड के उन विशेषज्ञों को भी आउट किया है, जिन्हें भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर संदेह था। वहीं बीसीसीआई ने भी ट्वीट कर इस तेज गेंदबाज को बधाई दी है। बुमराह की गेंदबाजी के सामने मेजबान टीम की बल्लेबाजी टिक नहीं पायी।

### महिला यूरो कप फुटबॉल, इंग्लैंड क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बनी

**लंदन** । इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम यूरो कप 2022 के नॉकआउट राउंड के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बनी है। इंग्लैंड ने दो मैच में 2 जीत के साथ ही यूरो कप के लिए प्रवेश हासिल किया। इंग्लैंड ने दूसरे मैच में नॉर्वे को 8 गोल से हराया। यह पहली बार है जब टीम ने इतने गोल किये हैं। नॉर्वे के खिलाफ मुकाबले में इंग्लैंड ने शुरुआती 12 मिनट के अंदर ही बढ़त बना ली। इंग्लैंड की ओर से जॉर्जिया स्टेनवे ने पेनल्टी पर गोल करके टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद लॉरेन हेम्प ने 15 वें मिनट में गोल करके इस बढ़त को 2-0 कर दिया। इंग्लैंड की टीम ने नॉर्वे के खिलाफ 29वें मिनट मिनट में तीसरा गोल दागा।इसके बाद टीम ने 4 गोल और करके विरोधी टीम को एक प्रकार से मैच के बाहर कर दिया। एलेन व्हाइट और बेथ मीड ने दो-दो गोल दागे।

महिल

# हरमनप्रीत की कप्तानी में राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए 15 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

### जेमिमा ओर तानिया शामिल , ऋचा को नहीं मिली जगह





**मुम्बई** । राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 15 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित कर दी है। इन खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को भी शामिल किया गया है। इसमें भारतीय टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। इन खेलों के मुकाबले 28 जुलाई से 8 अगस्त तक बर्मिंघम में होंगे। भारतीय टीम ने हाल में हरमनप्रीत की कप्तानी में श्रीलंका दौरे में टी20 और एकदिवसीय सीरीज जीती है। ऐसे में उसका लक्ष्य जीत के इस सिलसिले को बरकरार रखना रहेगा। बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए कहा, चयन समिति ने 2022 राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। भारतीय टीम पहली बार इन खेलों में शामिल होगी। राष्ट्रमण्डल खेलों में कुल 8 टीमें उतर रही हैं।

भारतीय महिला टीम में युवा बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्ज को भी शामिल किया गया है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज तानिया भाटिया भी टीम में शामिल हैं पर ऋचा घोष 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं हैं। उन्हें स्टैंडबाय के तौर पर रखा गया है। वहीं स्नेह राणा फिट नहीं होने के कारण बाहर हैं पर उन्हें भी खेलों के लिए टीम में जगह मिली है। वह अभी एनसीए में रिहैब कर रही हैं। टीम में तेज गेंदबाज के रुप में रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह और पूजा वस्त्रकार को जगह मिली है।

इन खेलों में कुल 8 टीमों को अवसर मिला है और इन्हें 2 समूहों में बांटा गया है। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमों को सेमीफाइनल में प्रवेश मिलेगा। ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और बारबाडोस की टीम है। वहीं दूसरे समूह बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका को शामिल किया गया है। भारत का 29 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया से, 31 जुलाई को पाकिस्तान से और 3 अगस्त को बारबाडोस से मुकाबला है। सेमीफाइनल के मुकाबले 6 अगस्त को जबकि स्वर्ण पदक और कांस्य पदक के मुकाबले 7 अगस्त को खेले जाएंगे।

राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, एस मेघना, तानिया भाटिया, यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवा?, पूजा वस्त्रकार, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्ज, राधा यादव, हरलीव देओल और स्नेह राणा।

# खिलाड़ियों को आराम देने की नीति पर विचार करे बीसीसीआई : गावस्कर



**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने सीनियर खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के समय आराम मांगने पर नाराजगी जतायी है। गावस्कर ने कहा है कि ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के समय तो आराम मांगते हैं पर आईपीएल के दौरान इन्हें आराम की जरुरत नहीं पड़ती है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को इन्हें आराम देने की अपनी नीति पर फिर विचार करना चाहिये। पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय सीरीज के दौरान अनुभवी खिलाड़ियों को एक के बाद एक आराम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में वेस्टइंडीज दौरे के लिए एकदिवसीय टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को जगह नहीं दी गयी है। अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देकर युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया गया है। इसी को लेकर गावस्कर ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब ये खिलाड़ी आईपीएल के समय आराम नहीं करते हैं तो भारतीय टीम के लिए खेलते समय इनहें आराम की जरुरत क्यों पड़ जाती है। उन्होंने कहा, देखिए मैं भारत के मैचों के दौरान आराम करने की खिलाड़ियों की सोच से सहमत नहीं हूं। आप भारत के लिए खेल रहे हैं। ऐसे में आप आईपीएल के दौरान आराम नहीं करते हैं पर भारतीय टीम की ओर से खेलते समय आपको आराम की जरुरत पड़ने लगती है। इस तरीके से मैं सहमत नहीं हूं। आपको आराम नहीं करते हुए देश के लिए खेलना चाहिये। टी20 में एक पारी में केवल 20 ओवर होते हैं। इससे आपके शरीर पर कोई असर नहीं पड़ता है। टेस्ट मैच में दिमाग और शरीर पर असर पड़ता है पर टी20 क्रिकेट खेलने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। गावस्कर ने कहा कि बीसीसीआई को खिलाड़ियों को आराम देने की अपनी रणनीति पर फिर काम करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिन खिलाड़ियों को ग्रेड ए श्रेणी में रखा जाता है, उन्हें अच्छा पैसा मिलता है , इसलिए उन्हें हमेशा खेलने तैयार होना चाहिये। इस पूर्व बल्लेबाज के अनुसार बीसीसीआई को अधिक पेशेवर बनते हुए काम करना चाहिये। ऐसे में जो भी खिलाड़ी नियमित अंतराल पर आराम चाहते हैं उनका ग्रेड कम कर दिया जाये।

# आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची भारतीय टीम

### पाक टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर खिसकी

**दुबई** । भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान टीम इंग्लैंड को पहले ही एकदिवसीय में हराकर आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर कब्जा किया है। इससे पहले भारतीय टीम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में चौथे स्थान पर थी। मेजबान टीम से मैच से पहले भारतीय टीम के कुल 105 अंक थे। पहले एकदिवसीय में मिली जीत से उसे 3 अंक मिले और उसके कुल मिलाकर 108 अंक हो गए हैं। इस तरह से भारतीय टीम इंडिया चौथे से तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है। वहीं पाकिस्तान टीम के 106 अंक हैं और वह एक स्थान के नुकसान के साथ ही तीसरे से चौथे पर खिसक गयी। वहीं पाक टीम ने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में सभी मैच जीतने के बाद रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया था।

इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अभी भारतीय टीम को दो मुकाबले खेलने हैं। यदि भारतीय टीम इन दोनो ही मैचों को जीत लेती है तो वह अंकों के मामले में पाक से आगे निकल जाएगी। वहीं यदि भारतीय टीम यदि दोनों मैच हार जाती है, तो पाक टीम फिर से नंबर-3 पर आ जाएगी। पाकिस्तान को अगली एकदिवसीय सीरीज अगस्त में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलनी है। जिसमें कुल 3 मैच खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ पहले दोनों ही एकदिवसीय मैच जीते थे और इस प्रकार टीम रैंकिंग में 126 अंक के साथ ही शीर्ष है। इंग्लैंड 122 अंक के साथ दूसरे, भारतीय टीम 108 अंक के साथ तीसरे और पाक 106 अंक के साथ चौथे नंबर पर है।




ब्रिटेन में महिलाओं के यूरो कप में जर्मनी ओर स्पेन के बीच हुए मुकाबले में खेलती हुई खिलाड़ी।

## व्यापार न्यूज

### अमेरिकी बाजार में गिरावट, यूरोपीय में तेजी

**मुंबई** । अमेरिका में खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले बाजार में बड़ी गिरावट दिख रही है। अमेरिका में इस समय महंगाई दर 8 फीसदी से ऊपर चल रही जो चार दशक में सबसे ज्यादा है। महंगाई के दबाव में अमेरिकी बाजार पिछले सत्र में धराशायी हो गए। डाओ जोंस पर 0.62 फीसदी की गिरावट दिखी तो एसएंडपी 500 0.92 फीसदी टूट गया। इसके अलावा नेस्डेक कम्पोजिट पर भी 0.95 फीसदी की गिरावट दिखी है। वहीं अमेरिकी बाजार में आई गिरावट का यूरोपीय बाजारों पर कोई असर नहीं दिखा और पिछले सत्र में सभी प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बढ़त पर बंद हुए। यूरोप के बड़े शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले सत्र में 0.57 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 0.80 फीसदी चढ़ा था।

### एशियाई बाजार में तेज कारोबार

मुंबई (ईएमएस)। एशिया के ज्यादातर बाजारों में बुधवार को तेजी देखी गई है और हरे निशान पर कारोबार देखा गया। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में 29 फीसदी की तेजी दिखी तो जापान का निक्केई 0.49 फीसदी के उछाल पर ट्रेडिंग कर रहा था। ताइवान के बाजार में भी 2.79 फीसदी की जोरदार तेजी देखी गई जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 0.63 फीसदी की बढ़त पर था। हालांकि, चीन के शंघाई कंपोजिट पर आज भी 0.02 फीसदी की गिरावट दिख रही है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवशकों की भारतीय बाजार से धन निकासी लगातार जारी है। पिछले सत्र में भी विदेशी निवेशकों ने बाजार से बड़ी संख्या में शेयर बेचकर पैसे निकाले, जिससे गिरावट का सामना करना पड़ा।

### मुंबई में सीएनजी 4 रुपए महंगी, पीएनजी में भी इजाफा

मुंबई (ईएमएस)।महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने मुंबई में एक बार फिर सीएनजी की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इस बार सीएनजी का दाम चार रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ाया गया है। इसके साथ ही पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम तीन रुपये प्रति मानक घनमीटर (प्रति इकाई) बढ़ाए गए हैं। गैस वितरक कंपनी ने कहा कि कीमतों में लगातार बढ़ोतरी की वजह गैस कीमतों में तेजी और रुपए में गिरावट है। कंपनी दरअसल घरेलू गैस आवंटन में कमी को पूरा करने के लिए विदेशी बाजार से गैस खरीद रही है।

# सेंसेक्स 250 अंक चढ़कर 54 हजार के पार, निफ्टी में भी तेजी

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह की शुरुआत से जारी गिरावट पर बुधवार को काबू पा लिया और तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स एक बार फिर 54 हजार के ऊपर चला गया है, जबकि निफ्टी में भी तेजी दिखी है। सेंसेक्स सुबह 343 अंकों की जोरदार बढ़त के साथ 54,210 पर खुला जबकि निफ्टी 74 अंक चढ़कर 16,128 पर खुला और कारोबार शुरू किया। निवेशकों ने लगातार खरीदारी बनाए रखी है, जिससे बाजार में तेजी बरकरार है। सुबह सेंसेक्स में 250 अंकों की बढ़त के साथ 54,147 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 60 अंकों के उछाल के साथ 16,116 पर था। निवेशकों ने आज शुरुआत से ही एशियान पेंट, एलएंडटी, एचयूएल, बीपीसीएल, एसबीआई, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और इंफोसिस जैसी कंपनियों पर दांव लगाया। इन शेयरों में आज 1.7 फीसदी तक उछाल दिख रहा है और लगातार खरीदारी से ये टॉप गेनर की सूची में आ गए। इसके अलावा बीपीसीएल, ग्रेसिम, ब्रिटेनिया और टाटा मोटर्स के शेयरों में भी तेजी दिख रही है। दूसरी ओर ओरएनजीस, एचसीएल टेक्नोलाजी, डॉ रेडडी लैब, टाइटन, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक के स्टॉक्स में शुरुआत से ही बिकवाली दिखी और ये शेयर टॉप लूजर की श्रेणी में चले गए। बाजार में आज के कारोबार को सेक्टरवार देखें तो निफ्टी पीएसबी के इंडेक्स में एक फीसदी की तेजी दिख रही है, जबकि एफएमसीजी, रियल्टी व अन्य सेक्टर में भी आज बढ़त दिखी है। केयर रेटिंग में शेयर बाई बैक की घोषणा के बाद आज शुरुआती कारोबार में ही 8 फीसदी का तगड़ा उछाल दिख रहा है। एशिया के ज्यादातर बाजारों में आज सुबह तेजी दिख रही है और हरे निशान पर कारोबार हो रहा। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर आज सुबह 0.29 फीसदी की तेजी दिख रही तो जापान का निक्केई 0.49 फीसदी के उछाल पर कारोबार कर रहा है।

# देश के औद्योगिक उत्पादन में 19.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज

### पिछले वर्ष के समान समय के मुकाबले में करीब 8 फीसदी कम

**नई दिल्ली** । नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (एनएसओ) ने औद्योगिक उत्पादन के ताजा आंकड़े जारी किए हैं। ये भारतीय अर्थव्यवस्था में अच्छी रिकवरी के संकेत दे रहे हैं। एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2022 में देश का औद्योगिक उत्पादन इंडेक्स (इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन) कुल मिलाकर 19.6 फीसदी की रफ्तार से बढ़ा है। ग्रोथ की कीमत में आए इस सुधार के लिए मुख्य तौर पर मैन्युफैक्चरिंग, पावर और माइनिंग सेक्टर्स का अच्छा प्रदर्शन जिम्मेदार है। यह एक साल में आईआईपी की सर्वाधिक वृद्धि है। एनएसओ ने ये आंकड़े 12 जुलाई को जारी किए हैं। हालांकि, ये पिछले वर्ष के समान समय के मुकाबले करीब 8 फीसदी कम है। मई 2021 में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन 27.6 फीसदी था। हालांकि तब भी और इस बार भी लो बेस को इसका प्रमुख जिम्मेदार माना जा रहा था। ताजा आंकड़ों के मुताबिक मई 2022 में देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ रेट 20.6 फीसदी रही है। इसी दौरान माइनिंग सेक्टर का आउटपुट 10.9 फीसदी की रफ्तार से बढ़ा। वहीं पावर जेनरेशन में 23.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे पहले अप्रैल 2022 में माइनिंग का उत्पादन 7.8 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 11.8 प्रतिशत बा था। उपयोग के आधार पर देखें तो प्राइमरी गुड्स में 17.7 फीसदी, कैपिटल गुड्स में 54 फीसदी, इंटरमीडिएड गुड्स में 17.9 फीसदी, इंफ्रा गुड्स में 18.2 फीसदी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 58.5 फीसदी की ग्रोथ देखने को मिली है। एमओएफएसएल ग्रुप के एक अर्थशास्त्री ने कहा है कि यह आईआईपी में ग्रोथ अनुमानों के अनुरूप नहीं है। इससे अधिक वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा था इसलिए आंकड़ों को देखकर कोई हैरानी नहीं हुई है। यह आंकड़े लो बेस के कारण आए हैं। कुल मिलाकर इन आकंड़ों पर मौद्रिक नीति का कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला है। महंगाई के मोर्चे पर जून में आम आदमी को थोड़ी राहत मिली है। सरकार ने कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) आधारित रिटेल महंगाई दर के आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा महंगाई दर 7.01 फीसदी रही। यह मई के 7.04 के मुकाबले 0.43 फीसदी कम है। बता दें कि यह लगातार छठा महीना है जब महंगाई दर आरबीआई की 6 फीसदी की ऊपरी सीमा से अधिक रही है।

### आनंद राठी वेल्थ का मुनाफा 33.6 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली** । वित्तीय सेवा समूह आनंद राठी की इकाई आनंद राठी वेल्थ सॉल्यूशंस का जून, 2022 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का मुनाफा 33.6 प्रतिशत बढ़कर 39.7 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।आनंद राठी वेल्थ ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 29.7 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 35.7 प्रतिशत बढ़कर 133.5 करोड़ रुपये हो गया, जो जून, 2021 को समाप्त पहली तिमाही में 98.4 करोड़ रुपये था। आनंद राठी वेल्थ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चुनौतीपूर्ण बाजार परिदृश्य के बावजूद कंपनी ने तिमाही के लिए मजबूत वृद्धि दर्ज की है।

# सोने वायदा कीमत बढ़ी, चांदी में आई नरमी



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से सोने एवं चांदी की वायदा कीमतों में बुधवार को मिलाजुला रुख देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अगस्त, 2022 में डिलीवरी वाले सोने के भाव में 65 रुपये की तेजी के साथ 50,522 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इससे पिछले सत्र में अगस्त कॉन्ट्रैक्ट वाले सोने का दाम 50,457 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। वहीं अक्टूबर 2022 में डिलीवरी वाले सोने में 88 रुपये की तेजी के साथ 50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इससे पिछले सत्र में अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट वाले सोने का भाव 50,752 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 09-56 बजे सितंबर, 2022 में डिलीवरी वाली चांदी में 21 रुपये की गिरावट के साथ 56,445 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इससे पिछले सत्र में सितंबर में डिलीवरी वाली चांदी की कीमत 56,466 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। दिसंबर 2022 कॉन्ट्रैक्ट वाली चांदी में 50 रुपये यानी 0.09 फीसदी की टूट के साथ 57,340 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार हो रही था। इससे पिछले सत्र में चांदी की कीमत 57,390 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। वैश्विक बाजार में सोने में 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 1,723.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार हो रहा था। वहीं हाजिर बाजार में सोने में 0.16 डॉलर की गिरावट के साथ 1,725.84 डॉलर के स्तर पर कारोबार हो रहा था।

### डॉलर के मुकाबले सपाट खुला रुपया

मुंबई । खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आने और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के चलते रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सपाट खुला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी की वजह से निवेशकों ने शुरुआती कारोबार में सतर्क रूख अपनाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.55 पर मजबूत खुला लेकिन बाद में घरेलू मुद्रा ने 79.53 से 79.60 के दायरे में कारोबार किया। रुपया शुरुआती सौदों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.58 पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की बढ़त को दर्शाता है। रुपया पिछले सत्र में डॉलर के मुकाबले 79.59 के अपने नए निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत बढ़कर 108.20 पर पहुंच गया।

# टेस्ला के शेयर डूबे,ट्विटर ने एलन मस्क पर किया केस दर्ज

**मुंबई** । दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने जैसे ही ट्विटर के साथ डील कैंसिल की, कंपनी के शेयर बुरी तरह टूट गए। मस्क की बातों से ऐसा लग रहा है जैसे वह फेक ट्विटर अकाउंट्स की संख्या अधिक होने के चलते ऐसा कर रहे हैं। 17 मई को मस्क ने कहा कि 20 प्रतिशत ट्विटर खाते फर्जी हैं लेकिन अब ट्विटर ने एलन मस्क पर केस कर दिया है और कोर्ट में घसीटने की तैयारी चल रही है। जब से एलन मस्क ने ट्विटर को खरीदने की घोषणा की है, उनकी मुख्य कंपनी टेस्ला के शेयर लगातार गिरते ही जा रहे हैं। 4 अप्रैल को पहली बार यह बात सामने आई थी कि एलन मस्क जल्द ही ट्विटर को खरीदने जा रहे हैं। उस दिन टेस्ला का शेयर करीब 1150 डॉलर पर था। वहीं अ बुधवार को करीब सवा दो महीने बाद कंपनी का शेयर गिरते-गिरते 700 डॉलर पर आ गया है यानी करीब 450 डॉलर प्रति शेयर का नुकसान। मस्क के पास टेस्ला के करीब 17.50 करोड़ शेयर हैं। 4 अप्रैल को एलन मस्क की नेटवर्थ करीब 288 अरब डॉलर थी, जो अब वर्तमान में करीब 75 अरब डॉलर गिरकर 214 अरब डॉलर पर आ गई है। जब एलन मस्क से ट्विटर को खरीदने का फैसला किया था, तब कंपनी के शेयरों की कीमत 54.20 डॉलर थी, जो घटते-घटते 36.81 डॉलर रह गई है। ऐसा लग रहा है मानो एलन मस्क बेहतर कीमत पर डील हासिल करने के लिए तरह-तरह के बहाने बना रहे थे। अगर उस वक्त की डील को देखें तो मस्क 44 अरब डॉलर में 54.20 डॉलर के हिसाब से 81.18 करोड़ शेयर खरीद रहे थे। वहीं अब कीमत 36.81 डॉलर रह जाने से डील का भाव अपने आप गिरकर करीब 30 अरब डॉलर रह गई है।

# चारू असोपा के सिजलिंग अंदाज देख फैंस बोले- तौबा-तौबा



एक्ट्रेस सुष्मिता सेन की भाभी और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री चारू असोपा अपनी फोटोज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं. चारू की शादी सुष्मिता के भाई राजीव सेन से हुई है. सोशल मीडिया पर एक्टिव चारू अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती रहती हैं. चारू असोपा खूबसूरत तस्वीरों को सोशल मीडिया पर फैंस के बीच शेयर करती हैं. इसी बीच अब चारू की कुछ सिजलिंग तस्वीरें चर्चा में आई हैं. तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि चारू पर्पल कलर की ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं. चारू ने ये फोटोशूट किसी गर्डन एरिया में करवाया है. उनकी अदाएं लोगों को दीवाना बना रही हैं. इन तस्वीरों को पोस्ट करने के साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, लैवेंडर रंग एक सुकून देने वाला है. तस्वीरों को पसंद कर रहे फैंस कमेंट कर उनके इस लुक की तारीफ कर रहे हैं. कोई उन्हें एक यूजर ने लिखा- आपकी अदाएं- तौबा-तौबा. एक अन्य ने लिखा औप इतनी बेहद खूबसूरत हैं और ये रंग आप पर काफी जच रहा है. तस्वीरों पर कोई उन्हें हार्ट तो कोई फायर इमोजी बनाकर अपना प्यार जता रहा है. चारू ने इससे पहले रेड बिकिनी पहनकर लोगों के दिलों को धड़काया था. जितनी प्यारी वो इन तस्वीरों में लग रही हैं उतनी ही प्यारी वो जगह भी है जहां वो खड़ी हुई हैं. ये तस्वीरें तब की हैं जब चारू अपने पति राजीव के साथ वैकेशन पर थीं. उस दौरान उनकी कई बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो हुई थीं. चारू की शादी सुष्मिता के छोटे भाई राजीव सेन से हुई है।

## लाइव सेशन में आलिया भट्ट के साथ नजर आए रणबीर



बॉलिवुड इंडस्ट्री के चर्चित कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अपने रिश्ते को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। अब दोनों एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। हाल ही में आलिया भट्ट का एक पुराना इंस्टाग्राम लाइव सेशन सामने आया है, जिसमें वह अपने फैंस और फॉलोअर्स के साथ बात कर रही थीं। इसी दौरान रणबीर कपूर भी नजर आए, जिसके बाद फैंस ने मजेदार कॉमेंट किए। दरअसल, आलिया भट्ट इंस्टाग्राम लाइव सेशन में जानवरों और नेचर के प्रति अपने प्यार पर बोल रही हैं। इस दौरान वह हाथी देखने की बात करती है, उनके पीछे शीशे में एक रिफ्लेक्शन दिखाई देता है। आलिया भट्ट के फैंस का मानना है कि रणबीर कपूर ही हैं। वहीं, कैमरे पर ऐक्ट्रेस बात करती रहीं। इसके बाद फैंस ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया। सूत्रों का कहना है कि आलिया भट्ट और रणबीर कपूर लॉकडाउन में रह रहे थे। इस साल की शुरुआत में रणबीर कपूर कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे और बाद में आलिया भट्ट की रिपोर्ट भी कोविड पॉजिटिव आई थी। कोरोना निगेटिव आने के बाद यह कपल मालदिव छुट्टियों पर गए था। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर एक-दूसरे को तीन साल से अधिक समय से डेट कर रहे हैं। वहीं, वर्कफ्रंट पर आलिया भट्ट और रणबीर कपूर पहली बार डायरेक्टर अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगे। इस फिल्म में इन दोनों के अलावा अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाड़िया, मौनी रॉय और अक्किनेनी नागार्जुन महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

### रणबीर कपूर के साथ रोमांस करना चाहती हैं समांथा अक्कीनेनी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर और सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों की लिस्ट में समांथा अक्कीनेनी का नाम भी आता है। जो जल्दी ही बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेई के साथ वेब सीरीज द फैमिली मैन सीजन 2 में नजर आने वाली हैं। इस वेब सीरीज के साथ समांथा अक्कीनेनी डिजिटल दुनिया में डेब्यू करने वाली हैं और ये वेब सीरीज इसी 4 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। कुछ दिनों पहले ही मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज किया था। जिसको दर्शकों की तरफ से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। वेब सीरीज द फैमिली मैन सीजन 2 का ट्रेलर देखने के बाद दर्शक इस वेब सीरीज के लिए काफी क्रेज़ी है और जल्द ही इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वेब सीरीज द फैमिली मैन सीजन 2 में समांथा अक्कीनेनी एक तमिल लिब्रेशन एएलटीटी के मेंबर के रूप में नजर आने वाली हैं। इसका मतलब ये है कि सिल्वर स्क्रीन पर समांथा अक्कीनेनी और मनोज वाजपेई का जबरदस्त अंदाज दिखाई देने वाला है।

# द फैमिली मैन 2 के ट्रेलर की दीवानी हुई शहनाज गिल



मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 के प्रीमियर का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. इस सीरीज से साउथ की स्टार सामंथा अक्किनेनी डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं. हाल ही में द फैमिली मैन 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ है जो फैंस को काफी पसंद आ रहा है. बिग बॉस 13 फेम शहनाज गिल ने हाल ही में सीरीज का ट्रेलर देखा है और इससे बहुत इंप्रेस हो गई हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रेलर की तारीफ की है. शहनाज गिल ने ट्वीट करके इसकी तारीफ की है और उन्होंने बताया है कि वह सीरीज का पहला सीजन दोबारा देखना चाहती हैं. शहनाज ने ट्वीट किया- फैमिली मैन का ट्रेलर देखकर मजा आ गया. सिद्धार्थ शुक्ला सीजन 1 वापस देखना तो बनता है. क्या कहते हो? शहनाज ने द फैमिली मैन सीजन 1 को दोबारा देखने के लिए सिद्धार्थ से पूछा तो वह भी ट्रेलर की तारीफ करे बिना खुद को रोक नहीं पाए. सिद्धार्थ ने शहनाज के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा- श्री, श्री, श्रीकांत जी, इस मिनिमन लड़के को वापस देखना ही पड़ेगा. तुम्हारी बात से सहमत हूं शहनाज. मनोज बाजपेयी क्या कड़क ट्रेलर है. सिद्धार्थ शुक्ला वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 से डिजिटव डेब्यू करने जा रहे हैं. इस सीरीज में सिद्धार्थ के साथ सोनिया राठी लीड रोल में नजर आएंगी. ब्रोकन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसका प्रीमियर 29 मई को होने जा रहा है. शहनाज गिल ने हाल ही में इंस्टाग्राम लाइव सेशन किया था जिसमें उन्होंने अपने फैंस से सिद्धार्थ की आने वाली सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 को देखने की अपील की है. शहनाज गिल जल्द ही पंजाबी फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आने वाली हैं. उनकी आने वाली फिल्म का नाम हौंसला रख है. फिल्म की शूटिंग कनाडा में पूरी हो चुकी है. फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर शहनाज से सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी थी. यह फिल्म सितंबर के महीने में रिलीज होगी।

# क्या पेट में दर्द होता है? जानिए असली वजह क्या है

इससे पेट खराब हो सकता है। लेकिन क्या आपके पेट में हमेशा किसी खास जगह पर दर्द होता है? अहां! वैसे तो दर्द पेट में होता है लेकिन एक समय में दर्द हमारे पेट में एक जगह महसूस होता है। लेकिन क्यों? पेट दर्द पर ज्यादा ध्यान कहां दें? आइए जानते हैं इन सवालों के जवाब-

### पेट में दर्द-

पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द आमतौर पर गैस्ट्रिक समस्याओं के कारण होता है। इस मामले में दर्द के अलावा, अन्य लक्षण, जैसे पेट में लहर की तरह महसूस करना, डकार आना आदि एक समस्या के रूप में देखे जाते हैं। यह आमतौर पर बहुत तेजी से खाने और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खाने के कारण होता है। ऐसे में आपको अस्वास्थ्यकर भोजन करने से बचना चाहिए और अधिक पानी पीना चाहिए। ज्यादा दर्द हो तो दवा लें।

### 2. छाती के निचले हिस्से, पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द और जलन-

आमतौर पर, यह नाराज़गी के कारण होता है। यह ग्लूटेन और मसालेदार भोजन के कारण होता है। इसके अलावा, यह कुछ खाद्य पदार्थों के कारण होता है और मुंह में एक अम्लीय स्वाद होता है। अगर ऐसा है तो सिगरेट और तले-भुने खाने से परहेज करें। एक बार में बहुत अधिक खाए बिना छोटे-छोटे भोजन करें। ज्यादा टाइट कपड़े पहनने से बचें।

### पेट में तेज दर्द-

जबकि दर्द के कई अन्य कारण हो सकते हैं, ऊपरी



छाती में इस कष्टदायी दर्द के लिए अल्सर को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अगर पेट में शाब्दिक समस्या हो यानि पेट का कोई हिस्सा खराब हो जाए तो अल्सर बन जाता है। दर्द के अलावा, अल्सर की विशेषता भूख में कमी, नाक बहना, काला या खूनी मल, तेजी से वजन कम होना आदि है। यह अत्यधिक धूम्रपान, एस्पिरिन, इबुप्रोफेन और शराब के सेवन के कारण हो सकता है। ऐसे में डॉक्टर शराब, अत्यधिक दवा आदि से दूर रहने और पर्याप्त मात्रा में स्वस्थ भोजन करने की सलाह देते हैं।

### 4. पेट फूलना और जी मिचलाना-

यह तब हो सकता है जब आपका पाचन तंत्र बहुत संवेदनशील और कमजोर हो। इसे इरिटेबल बाउल सिस्टम के नाम से भी जाना जाता है। इस मामले में कुल मिलाकर दो बातें हो सकती हैं। बहुत तेजी से काम करने से डायरिया हो सकता है और बहुत धीमी गति से काम करने से कब्ज हो सकता है। हालांकि इसके पीछे मुख्य कारण क्या है, यह निश्चित तौर पर पता नहीं चल पाया है, लेकिन डॉक्टर खान-पान पर ज्यादा ध्यान देने की सलाह देते हैं।

### दस्त और पूरा पेट दर्द-

अगर आपके पेट में बहुत तेज दर्द के साथ दस्त, नाक बहना, जी मिचलाना, बुखार और सिरदर्द है तो इसका कारण पेट फ्लू हो सकता है। एक शब्द में इसे गैस्ट्रोएंटेराइटिस कहते हैं। यह आमतौर पर दूषित पानी और भोजन पीने के कारण होता है। इससे बचने के लिए खाना खाने से पहले हाथ जरूर धोएं। दूसरों का प्रयोग न करें। अगर आप करते हैं, तो इसे अच्छी तरह से साफ करें और फिर इसका इस्तेमाल करें।

# बाड़ीवाला की भूमिका निभाने से मैं समुदाय के प्रति अधिक दयालु बना: विवान शाह



अभिनेता विवान शाह का कहना है कि फिल्म कबाड़ : द कॉइन में एक स्क्रैप डीलर की भूमिका निभाने से उन्हें यह जानने में मदद मिली कि स्क्रैप डीलरों को एक समुदाय के रूप में जीवन में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विवान ने बताया हम कबाड़ीवालों (स्क्रैप डीलर्स) और हमारे घरों और कार्यालयों से हर दिन कचरा इकट्ठा करने वालों को देखते हैं, लेकिन हम उनके जीवन के बारे में एक पल भी नहीं सोचते हैं। यह उनके अथक प्रयास का नतीजा है जो हम साफ शहर में रहते हैं, लेकिन वह अत्यधिक गरीबी और कठिनाई में रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कबाड़ीवाला की भूमिका निभाने से मुझे हकीकत में उन पर दया आई है। ऐसे लोग भी हैं जो कम पैसा कमाते हैं लेकिन फिर भी समाज में सम्मान रखते हैं। हम इन कचरा और कबाड़ संग्राहकों को कोई सम्मान या वित्तीय सहायता नहीं देते हैं। कल्पना कीजिए, अगर उन्होंने कचरा, कूड़ा, करकट इकट्ठा करना बंद कर दिया, तो हम लगभग कूड़ेदान में रहेंगे! लेकिन फिर भी क्या हम उन्हें धन्यवाद देते हैं, जब वे हमारे घरों से कचरा इकट्ठा करते हैं? विवान के लिए, यह भूमिका रोमांचक थी। उन्होंने कहा, मेरे लिए इस भूमिका को निभाना रोमांचक था जो ठेठ बॉम्बेया टपोरी बोली में बोलता है। मैं बॉम्बे का लड़का हूं जो इस भाषा को सुनते हुए बड़ा हुआ हूं। उस बोली में बात करना मजेदार था। फिल्म की कहानी एक युवा छात्र बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे जीवित रहने के लिए एक स्क्रैप डीलर की नौकरी करने के लिए मजबूर किया जाता है । आखिर में उसे सोने के सिक्कों से भरा बैग मिलता है। जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, यह सामने आता है कि कैसे उसका जीवन बदल जाता है, बल्कि, उसे भावनात्मक उथल-पुथल और विश्वासघात के माध्यम से खतरे में डाल देता है।

# जानिए बालों में क्यों इस्तेमाल करना चाहिए सीरम, इसे घर पर तैयार करने का क्या है तरीका!



ज्यादातर लोगों को बालों की बेहतर देखभाल के लिए शेंपू और कंडीशनर के इस्तेमाल के बारे में तो पता है, लेकिन सीरम को लेकर वे अक्सर कन्फ्यूज रहते हैं. इसकी वजह है कि वे ठीक से जानते ही नहीं हैं कि सीरम बालों को कैसे फायदा पहुंचाता है. यहां जानिए सीरम से होने वाले फायदों और होममेड सीरम बनाने के तरीके के बारे में. दरअसल हेयर सीरम एक सिलिकॉन बेस्ड प्रोडक्ट है जो बालों की सुरक्षा के लिए लेयर तैयार कर देता है. इससे बालों को धूप, प्रदूषण और धूल-मिट्टी के कारण होने वाले नुकसान कम हो जाते हैं. हेयर सीरम आपके बालों को पोषण देता है और बालों को शाइनी, सिल्की और स्मूद बनाता है. इसके अलावा हीटिंग टूल्स जैसे इलेक्ट्रिक कर्लर और स्ट्रेटनर वगैरह से होने वाले नुकसान को कम करता है.

**ऐसे बनाएं होममेड सीरम:** घर पर सीरम बनाने के लिए आपको कोई खास मशक्कत करने की जरूरत नहीं है. इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ चार चीजें बादाम का तेल, अरंडी का तेल, एसेंशियल ऑयल और गुलाब जल चाहिए. इसके अलावा एक स्प्रे बोतल चाहिए. जानिए कैसे तैयार किया जाता है होममेड सीरम.

**ऐसे करें तैयार:** दो बड़े चम्मच बादाम के तेल में एक चम्मच अरंडी का तेल मिलाएं और करीब 5 से 6 बूंदें एसेंशियल ऑयल की डालें. अब चार बड़े चम्मच गुलाब जल को इसमें डालें और सारी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके इसे एक स्प्रे बोतल में भरकर फ्रिज में रख दें. ध्यान रहे कि जब भी आप घर पर सीरम बनाएं तो इसे 5-6 बार इस्तेमाल करने लायक मात्रा में ही बनाएं। ज्यादा दिनों के लिए स्टोर करके नहीं रखें.

**इस तरह करें इस्तेमाल:** सीरम का पूरा फायदा लेने के लिए इसे इस्तेमाल करने का तरीका भी पता होना चाहिए. सबसे पहले तो ये जान लीजिए कि सीरम को हमेशा बाल धोने के बाद इस्तेमाल किया जाता है. जब बाल न ज्यादा गीले हों और न ज्यादा सूखे हों यानी बालों में नमी की स्थिति में इसे लगाना चाहिए।

## सपनों को पूरा करने के लिए मैसी फिल्म एकमात्र तरीका नहीं : सलोनी बत्रा

अभिनेत्री सलोनी बत्रा ने अब तक कॉटेंट ड्रिवन रोल के जरिये अपनी अदाकारी की एक छाप छोड़ी है । वह इस विचार से सहमत नहीं हैं कि आम लोगों के लिए एक मैसी फिल्म में काम करना बॉलीवुड में बड़ा बनाने का एकमात्र तरीका है। फिल्मों की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के बारे में उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि यह आसान है, लेकिन फिर कुछ भी नहीं है। यह कोई विशेष प्रक्रिया नहीं है, और मुझे इसे फिगर आउट करने में थोड़ा समय लगेगा। सनोली ने कहा, बॉलीवुड एक बहुत ही आकर्षक जगह है जहां कई प्रतिभाशाली कलाकार एक स्टार बनने का एक ही सपना देखते हैं। मैं जीवन में उस बड़े ब्रेक को चाहने के मामले में अलग नहीं हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बड़ी फिल्म में काम करना ही मेरे सपनों को पूरा करने का एकमात्र तरीका है। ओटीटी रिलीज सोनी और तैश में सलोनी के अभिनय की प्रशंसा की गई है। वहीं सलोनी फिल्म उलझन (जिसे अंतर्राष्ट्रीय सर्ट में द नॉट के रूप में भी जाना जाता है) का एक हिस्सा है, जो जल्द ही लॉस एंजिल्स के भारतीय फिल्म महोत्सव दिखाई जाएगी। उलझन को सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया गया था। फिल्म का निर्माण कार्तिकेय नारायण सिंह ने किया है।



## आर्थिक संकट में लंका

श्रीलंका में महीनों से जारी आर्थिक संकट से परेशान जनता का प्रदर्शन उग्र होता जा रहा है। 9 जुलाई को प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास घेर लिया, जिसके बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे आवास छोड़कर भाग खड़े हुए। इससे पहले मई में जब उग्र भीड़ ने राजपक्षे के छोटे भाई और पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के कोलंबो स्थित सरकारी आवास को घेर लिया था, तो महिंदा ने परिवार समेत भागकर नेवल बेस में शरण ली थी। इस बीच 9 जुलाई को ही रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। विक्रमसिंघे 12 मई को महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद प्रधानमंत्री बने थे। श्रीलंका में सरकार विरोधी प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहे और राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे तथा प्रधानमंत्री रॉनिल विक्रमसिंघे के आवासों पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा है। देश में उथल-पुथल के बीच राष्ट्रपति फिलहाल कहां हैं, इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे के निजी आवास को शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया था।श्रीलंका एक अभूतपूर्व आर्थिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है। 2.2 करोड़ लोगों की आबादी वाला देश सात दशकों में सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। श्रीलंका में विदेशी मुद्रा की कमी है, जिससे देश ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं के जरूरी आयात के लिए भुगतान कर पाने में असमर्थ हो गया है। इन हालात के बीच जनता सड़कों पर है। राजपक्षे और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के तत्काल इस्तीफे की मांग की जा रही है। हालांकि, श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने ने कहा है कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे 13 जुलाई को इस्तीफा देंगे। स्थायी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति नहीं होने की स्थिति में संसद अध्यक्ष कार्यवाहक राष्ट्रपति बनेंगे। श्रीलंका 1948 में अपनी आजादी के बाद से सबसे बुरे आर्थिक संकट से गुजर  हा है। श्रीलंका में लोगों को रोजमर्रा से जुड़ी चीजें भी नहीं मिल पा रही हैं या कई गुना महंगी मिल रही हैं। श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म हो चुका है, जिससे वह जरूरी चीजों का आयात नहीं कर पा रहा है। देश में अनाज, चीनी, मिल्क पाउडर, सब्जियों से लेकर दवाओं तक की कमी है। पेट्रोल पंपों पर सेना तैनात करनी पड़ी है। देश में 13-13 घंटे की बिजली कटौती हो रही है। देश का सार्वजनिक परिवहन ठप हो गया है, क्योंकि बसों को चलाने के लिए डीजल ही नहीं है। पिछले एक दशक के दौरान श्रीलंका की सरकारों ने जमकर कर्ज लिए, लेकिन इसका सही तरीके से इस्तेमाल करने के बजाय दुरुपयोग ही किया। 2010 के बाद से ही लगातार श्रीलंका का विदेशी कर्ज बढ़ता गया। श्रीलंका ने अपने ज्यादातर कर्ज चीन, जापान और भारत जैसे देशों से लिए हैं। 2018 से 2019 तक श्रीलंका के प्रधानमंत्री रहे रानिल विक्रमसिंघे ने हंबनटोटा पोर्ट को चीन को 99 साल के लिए लीज पर दे दिया था। ऐसा चीन के लोन के पेमेंट के बदले किया गया था। ऐसी नीतियों ने उसके पतन की शुरुआत की। इसके अलावा उस  पर वर्ल्ड बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक जैसे ऑर्गेनाइजेशन का भी पैसा बकाया है। साथ ही उसने इंटरनेशनल मार्केट से भी उधार लिया है। 2019 में एशियन डेवलपमेंट बैंक ने श्रीलंका को एक जुड़वा घाटे वाली अर्थव्यवस्था कहा था। जुड़वा घाटे का मतलब है कि राष्ट्रीय खर्च राष्ट्रीय आमदनी से अधिक होना। श्रीलंका की एक्सपोर्ट से अनुमानित आय 12 अरब डॉलर है, जबकि इम्पोर्ट से उसका खर्च करीब 22 अरब डॉलर है, यानी उसका व्यापार घाटा 10 अरब डॉलर का रहा है। श्रीलंका जरूरत की लगभग सभी चीजें, जैसे-दवाएं, खाने के सामान और फ्यूल के लिए बुरी तरह इम्पोर्ट पर निर्भर है।

# छत्तीसगढ़ के हरिहरपुर में स्थित परसा कोयला खदान खोलने से पहले भारत के संविधान की पाँचवी अनुसूची का उल्लंघन ना करें सरकार

आराधना भार्गव

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के विकास खण्ड उदयपुर के ग्राम हरिहरपुर में स्थित कोयला खदान का आबंटन कांग्रेस की सरकार गौतम अडानी को देने के लिए भारत के संविधान के पाँचवी अनुसूची तथा पैसा कानून का उल्लंघन करते हुए छत्तीसगढ़ में गौतम अडानी के लिए पलक पावड़े बिछाकर खड़ी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भावनाऐं तथा आदेश का उल्लंघन करने में भी कोई संकोच नही कर रही है। ग्राम हरिहरपुर भारत के संविधान के पाँचवी अनुसूची में आता है। संविधान के अनुच्छेद 13 (3) (क) के तहत रूढ़ि या प्रथा ही विधि का बल है। स्पष्ट है कि रूढ़ि या प्रथा को ही मान्यता दी जायेगी।  रूढ़ि या प्राथा ही यहाँ कानून है अन्य कोई कानून यहाँ लागू नही होगा। अनुच्छेद 19 (5)(6) के तहत पाँचवी अनुसूची जिलें या क्षेत्रों में कोई भी बाहरी गैर रूढ़ि प्रथा व्यक्यिों को स्वतंत्र रूप से भ्रमण करना, निवास करना, घूमना-फिरना तथा व्यवसाय, कारोबार, रोजगार पर पूर्णतः प्रतिबंधित है। अनुच्छेद 244 (1) कण्डिका (5)(क) संसद या विधान मण्डल द्वारा बनाया गया कोई भी सामान्य कानून अनुसूचित क्षेत्र में लागू नही होंगे, जैसे आई.पी.सी. एक्ट- सी.आर.पी.सी. एक्ट भूमि अधिग्रहण का कानून इत्यादि। इन शब्दों को हरिहरपुर की ग्राम सभा ने प्रस्ताव पारित कर पीले बोर्ड में काले अक्षरों से दिनांक 22/08/2021 की ग्राम सभा लेकर बोर्ड के माध्यम से शासन तथा प्रशासन को बताने का प्रयास किया है। ग्राम हरिहरपुर के जंगल जो हसदेव अरण्य के नाम से देश और दुनिया में पहचाने जाते है। यह क्षेत्र हाथियों का रहवास क्षेत्र भी है। हाथियों के रहवास क्षेत्र में दखलंदाजी का परिणाम हम सब जानते है। कल ही के अखबार में पढ़ा कि गुस्सायें हाथियों ने क्षेत्र के रेंजर को कुचल कुचल कर मार डाला तथा सामने आये महावत को भी नही छोड़ा। हाथियों के झुण्ड जब गुस्से में आते है तो गांव के गाव उजाड़ डालते है। हाथियों के लिए गौतम अडानी किस खेत की मूली है।

दिनांक 23/01/2018 को ग्राम हरिहरपुर में दावा आपत्ति को लेकर ग्राम सभा आयोजित की गई ग्राम सभा में सभी ग्रामवासी उपस्थित हुए तथा उन्होंने अपने दावे तथा अपत्तियाँ प्रस्तुत किये। 21 प्रस्ताव स्वीकृत किये गये। कुछ दिन बाद हरिहरपुर के ग्रामवासियों को पता चला कि ग्रामसभा के प्रस्ताव में प्रस्ताव क्रमांक 22 अलग से जोड़ा गया है, जिसमें अडानी को खदान आबंटित करने का उल्लेख है। इस पर ग्रामवासियों ने आपत्ति लगाई तब से लगातार आंदोलनरत् है। परसा कोयला खदान के नाम पर फर्जी ग्राम सभा के आधार पर छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी सहमति देकर भारत के संविधान की पाँचवी अनुसूची का उल्लंघन किया है। दिनांक 02 मार्च 2022 से ग्रामवासी अनिश्चित कालीन धरना और प्रदर्शन कर रहे है। ग्रामवासियों की मुख्य मांग है कि जंगल, जमीन, जैवविविधता, जल स्त्रोत, वन्य प्राणीयों के रहवास, आदिवासीयों के आजीविका संस्कृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए सम्पूर्ण हसदेव अरण्य क्षेत्र का खनन मुक्त रखते हुए प्रस्तावित सभी कोयला खदानें निरस्त करने, परसा कोल ब्लॉक प्रस्तावित गांव साल्ही, हरिहरपुर और फतेहपुर की फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव की जाँच और दोषियों पर कार्यवाही करने कोल ब्लाक को दी गई सभी स्वीकृति निरस्त करने हसदेव अरण्य सहित प्रदेश के सम्पूर्ण पाँचवी अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा की सहमति के बिना किये गये भूमि अधिग्रहण रद्द करने, वन अधिकार कानून 2006 के तहत सभी दावेदारों को उनकी पूर्व काबिज जमीन के व्यक्तिगत वनअधिकार को मान्यता देने को लेकर संघर्ष जारी है। हजारों की संख्या में आदिवासी हरिहरपुर से पैदल चलकर रायपुर तक मुख्यमंत्री आवास पर पहुँचे। वर्तमान में आदिवासीयों के संघर्ष को देखकर सरकार ने खदानों की खुदाई तथा जंगल की कटाई रूकवा दी है पर खदानों का आबंटन रद्द नही किया है। हसदेव अरण्य को बचाने के लिए न्यायधानी बिलासपुर के पत्रकार, विधायक, लेखक, विद्यार्थी, डॉक्टर, वकील, पर्यावरणविद् तथा सामाजिक संगठन के साथी सड़कों पर निकल पड़े हैं। हसदेव बचाओं बैनर के तले बिलासपुर के सभी बुद्धिजीवि एकत्रित है उनके संघर्ष को सलाम करती हूँ। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल, मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा की निवासी सुश्री अनुसूईया उईके जी है जो आदिवासी परिवार से है। जमीन से जुड़ी हुई है, आदिवासी के दर्द पीड़ा रूढ़ि या प्रथा विधि से अवगत है। फिर क्या कारण है कि आदिवासी पाँचवी अनुसूची के पालन के लिए सड़कों पर निकलने के लिए मजबूर है। भारत के संविधान की पाँचवी अनुसूची अनुच्छेद 244 (1) अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के बारे में उपबंध किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा प्रतिवेदन-ऐसे प्रत्येक राज्य का राज्यपाल, जिसमें अनुसूचित क्षेत्र है, प्रतिवर्ष या जब भी राष्ट्रपति इस प्रकार अपेक्षा करें, उस राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के प्रशासन के संबंध में राष्ट्रपति को प्रतिवेदन देगा। और संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार राज्य को उस क्षेत्र के प्रशासन के बारे में निर्देश देने तक होगा। अनुच्छेद 244 (1) के भाग ख में अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों का प्रशासन और नियंत्रण के बारे में उल्लेख किया गया है। इस क्षेत्र में काम करने के लिए जनजाति सलाहकार परिषद गठन करने का उल्लेख है। ऐसे प्रत्येक राज्य में जिसमें अनुसूचित क्षेत्र है और यदि राष्ट्रपति निर्देश देते है तो किसी ऐसे राज्य में भी जिसमें अनुसूचित जनजाति है किन्तु अनूसूचित क्षेत्र नही है, एक जनजाति सलाहकार परिषद् स्थापित की जायेगी जो 20 से अनधिक सदस्यों से मिलकर बनेगी, जिसमें यथाशक्य निकटतम तीन चैथाई  उस राज्य की विधान सभा में अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधि होंगे। परन्तु उस राज्य की विधान सभा में यदि अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधियों की संख्या जनजाति सलाहकार परिषद में ऐसे प्रतिनिधियों से भर जाने वाले स्थानों की संख्या से कम है तो शेष स्थान उन जनजाति के अन्य सदस्यों से भरा जायेगा। जनजाति सलाहकार  परिषद् का यह कर्तव्य होगा कि वह उस राज्य की अनुसूचि जनजाति के कल्याण और उन्नति से संबंधित ऐसे विषयों पर सलाह दे जो उसको राज्यपाल द्वारा निर्दिष्ट किया जाऐ। राज्यपाल को यह अधिकार है कि किसी राज्य में किसी ऐसे क्षेत्र की शक्ति और सुशासन के लिए विनियम बना सकेगा जो तत्सम अनुसूचित क्षेत्र है। ऐसे क्षेत्र की अनुसूचि जनजाति के सदस्यों द्वारा या उसमें भूमि के अन्तरण का प्रतिषेध या निर्बंधन कर सकेगें। ग्राम हरिहरपुर की निवासी सुनीता पोस्ते ने बताया कि हम जंगल के निवासी हैं नदी पहाड़, जंगल और जानवर हमारे परिवार के सदस्य तथा हमारे भगवान है हम प्रकृति की पूजा करते है और प्रकृति धर्म को ही मानते है हम हिन्दू नही है हम अपनी जमीन किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को कोयला खदान के लिये नही देंगे।

## प्रकाशस्त्रोत परमात्मा

परमात्मा या भगवान ही सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्रों जैसी प्रकाशमान वस्तुओं के प्रकाशस्त्रोत हैं। वैदिक साहित्य बताता है कि वैकुंठ राज्य में सूर्य या चन्द्रमा की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि वहां परमेश्वर का तेज विद्यमान है। भौतिक जगत में ब्रम्हज्योति या भगवान का आध्यात्मिक तेज भौतिक तत्वों से ढका रहता है। अतः हमें सूर्य, चन्द्र, बिजली आदि के प्रकाश की आवश्यकता पड़ती है। वैदिक साहित्य में स्पष्ट है कि भगवान आध्यात्मिक जगत (वैकुंठ लोक) में स्थित हैं। श्वेतातर उपनिषद में कहा गया है-आदित्यवर्ण तमसः परस्तात अर्थात वे सूर्य की भांति अत्यन्त तेजोमय हैं, लेकिन भौतिक जगत के अन्धकार से बहुत दूर हैं। उनका ज्ञान दिव्य है।  वैदिक साहित्य पुष्टि करता है कि ब्रम्ह घनीभूत दिव्य ज्ञान है। जो वैकुंठ जाने का इच्छुक है, उसे परमेश्वर द्वारा ज्ञान प्रदान किया जाता है। एक वैदिक मंत्र है तं ह देवम आत्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुवै शरणामहं प्रपद्ये। अर्थात मुक्ति के इच्छुक मनुष्य को चाहिए कि वह भगवान की शरण में जाए। जहां तक चरम ज्ञान के लक्ष्य का सम्बन्ध है, वैदिक साहित्य से भी पुष्टि होती है-तमेव विदित्वाति मृत्युमेति यानी उन्हें जान लेने के बाद ही जन्म तथा मृत्यु की परिधि को लांघा जा सकता है। वे प्रत्येक हृदय में परम नियन्ता के रूप में स्थित हैं। परमेश्वर के हाथ-पैर सर्वत्र फैले हैं लेकिन जीवात्मा के विषय में ऐसा नहीं कहा जा सकता। अतः मानना ही पड़ेगा कि कार्यक्षेत्र जानने वाले दो ज्ञाता हैं- एक जीवात्मा तथा दूसरा परमात्मा। पहले के हाथ-पैर किसी एक स्थान तक सीमित हैं जबकि कृष्ण के हाथ-पैर सर्वत्र फैले हैं। इसकी पुष्टि श्वेतातर उपनिषद में इस प्रकार हुई है।

## धार्मिक मुद्दों का बाजार गर्म

कृष्ण कान्त शुक्ल

मनुष्य के कल्याण भाव से सत्य पर आधारित किया गया व्यवहार धर्म है। धारणाद्धर्म इत्याहुर्धर्मो धारयति प्रजाः अर्थात् जिन शाश्वत सत्य नियमों को हम धारण करते हैं, उन्हें धर्म कहा गया है। धर्म से ही प्रजा की धारणा होती है। एक मनुष्य दूसरे मनुष्य के साथ ऐसा व्यवहार करे, जिससे सब का कल्याण हो, समाज के रूप में स्वाभाविक विकास क्रम चलता रहे, सहिष्णुता एवं विश्वबंधुत्व का भाव जगाना ही धर्म है। जब इससे अनैतिक व्यवहार किया जाए, किसी की भावना आहत हो और लगातार ये प्रयास चलता रहें, तो ऐसे मसलों पर सेंसरशिप लगा देना चाहिए। हाल ही में डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'काली' का पोस्टर सुर्खियों में है। जिसको लेकर तरह-तरह की बयानबाजी चल रही है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार और दिल्ली में हिंदू देवी-देवताओं का कथित तौर पर अपमानजनक चित्रण किए जाने को लेकर धार्मिक माहौल गर्म है। 2 जुलाई को ट्विटर पर काली फ़िल्म का पोस्टर रिलीज हुआ,  डाक्यूमेंट्री फिल्म के पोस्टर में काली जी को सिगरेट पीते हुए दिखाए जाने के बाद इसका विरोध किया जाने लगा। धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट पर रोक लगाने के लिए केंद सरकार को पत्र लिखा गया। जिसके बाद फिल्मकार लीना मणिमेकलाई के उस ट्वीट को हटा दिया गया। लेकिन, काली का पोस्टर अब भी सोशल मीडिया पर घुम रहा है। ऐसा नहीं है कि यह विवाद पहली बार उठा है, पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके है। अब चिंता इस बात पर गंभीर है कि लगातार धर्म के इर्दगिर्द ही सब क्यों चल रहा है? चुनाव से लेकर अब फिल्मों में भी धर्म को ही टारगेट क्यों किया जा रहा है? क्या धर्म के सिवा अब इस देश में कोई दूसरा मुद्दा नहीं बचा ? या ऐसे मसले को जानबूझकर उछाला जाता है।

वैसे हमारे देश में अभिव्यक्ति की आज़ादी को लेकर सबके अपने-अपने मत है और यही मतांतर कई बार विवादों को जन्म देता है। आज ऐसा लगता है कि बाकी मुद्दों से इतर इस पर बहस की सबसे अधिक जरूरत है कि आखिर क्या होती है अभिव्यक्ति की आजादी? क्या है इसकी सीमा? लीना मणिमेकलाई के पहले मुनव्वर फारूकी को भी याद कीजिए। उनसे भी पहले एमएफ हुसैन ने भी हिंदू देवी-देवताओं को ही टारगेट किया। ऐसे में सवाल यही कि धार्मिक मसलों पर भी एक ही धर्म को अक्सर मुद्दों क्यों बनाया जाता है? फिल्मों में कमाई का एक एंगल हो सकता, लेकिन हर बार इतनी सी बात हो। यह कहना उचित नहीं ! अभी कुछ समय पहले ही, जम्मू कश्मीर के कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार को लेकर %द कश्मीर फाइल्स% आयी थी। जिसको लेकर शुरू से अंत तक काफी विवाद हुआ। 12 करोड़ की लागत से बने इस फ़िल्म में गतिरोध के बाद भी 251 करोड़ से अधिक की कमाई हुई। कई राज्यों में इस फ़िल्म को टैक्स फ्री भी किया गया। इससे पहले आमिर खान की फ़िल्म पीके, अक्षय कुमार की फ़िल्म लक्ष्मी, वेब सीरीज ए सूटेबल बॉय, सलमान खान की दबंग 3, सारा अली खान की केदारनाथ, अक्षय कुमार और परेश रावल की फ़िल्म ओय माई गॉड धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के लिए विवादों में रही है। इसी विवाद के चलते ही इन फिल्मों में लागत से कई गुना कमाई भी हुई और फ्री की पब्लिसिटी भी। मीडिया में कई दिनों तक सुर्खियों में भी रही। इससे एक बात साफ हो गया है कि जिस फ़िल्म में विरोध जितना ज्यादा उसकी कमाई उससे कई गुना बढ़ रही और इस तरह के मुद्दों से जनहित के मुद्दे छिपा दिए जाते है सो अलग बात। टीवी डिबेट में मूल मुद्दे पीछे हो जाते है। अक्सर धार्मिक और जातीय के जरिए यथार्थ के मुद्दों का ध्रुवीकरण किया जाता है। पहले के सन्दर्भ पर गौर किया जाए तो जब-जब महंगाई, बेरोजगारी, मूल भूत सुविधा पर बात होती है तो ऐसे मसलें ध्यान भटकाने के लिए लाए जाते है। भारत में ही मंदिर- मस्ज़िद, हिन्दू-मुस्लिम,जाति-जनजातीय के मुद्दों पर ज्यादा जोर दिया जाता है। पिछले एक दो दशक में ऐसे मुद्दे पर ही फोकस रहा है। एक तरह से ये धर्म का कुप्रचार भी है और व्यवसाय भी। कभी इसकी आड़ में फिल्म को प्रचारित किया जाता है, कभी धर्म की आड़ में राजनीति समीकरण बनते है। अभी काली के पोस्टर रिलीज पर विरोध की आवाज आनी शुरू हो गयी और विवादास्पद बयान सुर्खियां बटोर रही। काली के पोस्टर से हर कोई फ़िल्म देखना चाहता है। अक्सर ऐसी फिल्में जब आती है तो पहले विरोध होता है, फिर मोटी कमाई का लाभ होता है। ऐसे में धार्मिक संप्रभुता, विविध संस्कृत के देश में हर राज्य की अपनी एक पहचान है।

# ओम गुरु परमात्मा नमः

### सूडोकु नवताल- 6131

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

डॉ श्रीगोपाल नारसन

जब मनुष्य का जन्म होता है तब वह अबोध होता है।उसे प्रथम ज्ञान का बोध माता कराती है तो व्यवहारिक ज्ञान पिता देता है जबकि शैक्षणिक ,अध्यात्म व नैतिक ज्ञान गुरु से मिलता है।इसीलिए इस लौकिक जगत में मानव शरीर धारण किए हुए किसी सद्पुरुष को गुरु रूप में मानने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।भक्ति मार्ग में किसी सिद्ध पुरूष ऋषि,संत, महात्मा, ज्ञानी को गुरु बनाने का चलन है।जबकि ज्ञान मार्ग या फिर रूहानियत की दृष्टि से देखे तो एक मात्र परमात्मा ही हमारा गुरु है,वही परमपिता है और वही शिक्षक और पालनहार भी है।

% गुरू% शब्द का शाब्दिक अर्थ है %भारी %।यानि जो ज्ञान ,संस्कार,ध्यान, धारणा व पुरुषार्थ में हमसे भारी अर्थात श्रेष्ठ हो,वही गुरु बनने लायक है।ऐसे गुरु अपनी तपस्या से स्वयं को सिद्ध कर कर देते है तथा वे अपनी रूहानियत व चेहरे पर तेज की दृष्टि से आध्यात्मिक क्षेत्र में सिद्ध पुरूष रूप में प्रतिष्ठित होते है। जो ज्ञान से भारी है,वही गुरू है और गुरु ज्ञान स्वयं में एक ऐसा अथाह सागर है जिसकी थाह ले पाना भी आसान नही है। गुरू शब्द जिसके सामने लग जाता है उसे अन्यो से श्रेष्ठतम और विशिष्ठतम बना देता है। यथा गुरूत्वाकर्षण ,गुरूज्ञान आदि।चूंकि गुरु भी श्रेष्ठतम महापुरूष होते है।इसी कारण गुरु के नाम से  गुरु धाम भी प्रतिष्ठा सम्पन्न हो जाता है।

गुरू को पौराणिक साहित्य में इतनी महत्ता दी गई कि उसे ही विष्णु,उसे ही ब्रहमा और उसे ही महेश्वर कहा गया है।



गुरु देवता तूल्य  होता है। गुरु की इस तुलना का अर्थ मात्र गुरू का महिमा मण्डन करना नही है। कई मायनो में गुरु भी ब्रहमा, विष्णु व महेश के समतूल्य होते है क्योकि गुरु ही वह शक्ति है जो अपने शिष्यो और अनुयायियों को ब्रहमा, विष्णु और महेश से मिलाने के लिए ,उन्हे आत्मसात करने का मार्ग बताते रहे। तभी तो प्रभु शरणम से पहले गुरू शरणम का प्रचलन है । अपने जमाने के युगप्रर्वक संत कबीर दास ने गुरू के सच्चे रूप और कार्य का वर्णन अपने एक दोहे में किया है। गुरू गोविन्द दोउ खडे काके लागू पाये,बलिहारी गुरू आपनो गोविन्द दियो बताए। यानि गुरू और गोविन्द दोनो खडे हो और पहले पैर किसके छूयें को लेकर संशय हो तो पहले गुरू के पैर छूने चाहिए क्योकि गुरू ही वह माध्यम है जो गोविन्द से मिलने का मार्ग बताता है। कई बार गुरू और अध्यापक को एक दूसरे का पर्याय मान लिया जाता है। परन्तु यह ठीक नही है। गुरू और अध्यापक एक नही हो सकते। अध्यापक अधिकाशत भौतिक विधाएं सिखाता है। लेकिन गुरू मनुष्य रूपी शिष्य को पूर्ण रूपेण आध्यात्मिक विकास व समग्र कल्याण के लिए तैयार करता है। उसी प्रकार गुरु अपने भक्तों को परमात्मामय बनने का रास्ता दिखाकर अपने भक्तों पर उपकार करते रहे है। गुरु की प्रेरणा से ही देश दुनिया को परमात्मा का सद सन्देश मिलता है और इस पुनीत कार्य मे गुरु ही सफल सिद्ध हो रहे है।   गुरु की सोच है कि ,मनुष्य जीवन का उददेश्य है जीवन मरण के चक्र से निकलना और अपने कर्मो को भोगकर मोक्ष प्राप्त करना होता है। मोक्ष प्राप्ति की इस प्रक्रिया में गुरू की भूमिका बहुत बडी है।  गुरू अच्छे बुरे का ज्ञान कराता है। साथ ही अनेक भौतिक विधाओं का ज्ञान देता है। गुरू  ही वह व्यक्ति है जो सत्य और असत्य के बीच का अन्तर समझाकर अपने शिष्य को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। जब तक मनुष्य अपने सभी कर्तत्यों को पूर्ण कर प्रभु प्राप्ति के पथपर अग्रसर नही होता, तब तक गुरू उसे निरंतर निर्देश देकर उसे अपने उददेश्य की सतत याद दिलाता रहता है।ताकि शिष्य गुरू की इच्छा के अनुरूप जीवन के सन्मार्ग पर चलकर गुरू को अमरत्व प्रदान कर सके।

इसी तरह  वैदिक दर्शन में गुरू को एक चेतन देवता माना गया है। माता, पिता,पति, पत्नि,आचार्य इन सभी को चेतन देवता कहा गया है। मनुष्य के उपर इन पांचो देवताओं तथा जल, वायु ,अग्नि, वनस्पति आदि जड देवताओं का कर्ज होना माना गया है।

## संभावनाओं का नया द्वार एक नया प्रकाश

सुबोध चतुर्वेदी

एक नया प्रकाश नाम से डॉ. वंदना सेन का यह प्रथम काव्य संग्रह है, जो अस्मी प्रकाशन भोपाल से प्रकाशित हुआ है। इसका मूल्य 80 रुपए मात्र है। मुख पृष्ठ आकर्षक है। प्रथम दृष्टया यह काव्य संग्रह इसलिए भी आकर्षित करता है कि उसमें लेखिका का विनीत भाव दृष्टिगत होता है। उनके आत्मकथ्य में स्पष्ट रूप से यह इंगित किया गया है कि जो कुछ अच्छा बना है, वह गुरु जन का आशीर्वाद है, यदि कोई त्रुटि है तो वह उनकी स्वयं की है। आशीर्वचन के रूप में आदरणीय जगदीश तोमर जी ने लिखा है, उन्होंने भी स्वीकारा है डॉ. वंदना सेन मूलतः भारतीयता की काव्यकार हैं, उनकी कविताओं में  लोक जीवन का स्पंदन सहज अनुभव किया जा सकता है।% उनकी कविताओं को पढ़ते हुए मैं भी इस बात से पूर्ण तरह सहमत हूं। उन कविताओं में भारतीयता की छाप स्पष्ट देखने को मिलती है। प्रथम काव्य संग्रह होने के बावजूद वे कविताएं कहीं से भी अनगढ़ नहीं लगतीं, उनमें एक परिपक्तता की छाप है। यह परिपक्तता अनुभवों से आती है। लेखिका का विभिन्न विषयों पर कलम चलाना, इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। समाज में गिरते हुए जीवन मूल्यों को लेकर उनकी चिंता जायज है। एक लेखक दूरदृष्टि रखता है। समाज के हित, अहित के विषय में उसकी दृष्टि बहुत ही सजग रहती है। लेखन की सार्थकता भी इसी में है कि उसका लेखन समाज के हित को इंगित कर सके। प्रथम कविता मां सरस्वती को समर्पित हैं। उनके आशीर्वाद के बिना एक शब्द नहीं लिखा जा सकता। उन पर मां सरस्वती की अपार कृपा है। जीवन संघर्ष को उल्लेखित करती कविता %जीवन की बाधा% है जो सभी बाधाओं को पार करती हुई सकारात्मक संदेश देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में पूर्ण सक्षम है। संपूर्ण कविताओं का रसास्वादन करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि कवयित्री को प्रकृति बहुत आकर्षित करती है। कवि हृदय की संवेदनशीलता जब प्रकृति के साथ एकात्म हो जाती है तो उसके हृदय के कोमल भाव प्रस्फुटित होते हैं और कविता कागज पर आकार ग्रहण कर लेती है। वे मानती हैं कि मनुष्य के लिए प्रकृति का सानिध्य अत्यंत आवश्यक है। देखिए जिंदगी के लिए कविता में वे कहती हैं -

करें संकल्प हम सभी
लगाएं एक पेड़,
धरा के श्रृंगार के लिए,
जीवन के लिए,
महकती सांसों के लिए,
नव निर्माण के लिए,
अपने लिए और अपनों के लिए।

# नगर पालिक निगम चुनाव में चले लाठी-डंडे, बसपा महापौर प्रत्याशी को पुलिस ने खदेड़ा








### कई जगह फर्जी मतदान की शिकायत पर पुलिस ने खदेड़े लोग, - वार्ड 16 में भाजपा प्रत्याशी की पर्ची पर छपा था फोटो व फूल

**मुरैना।** नगर पालिक निगम मुरैना के महापौर एवं वार्ड प्रत्याशियों के लिए दूसरे चरण के मतदान के दौरान बुधवार को अनेक स्थानों पर फर्जी मतदान की शिकायत के चलते पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया तो वही पॉलिटेक्निक कॉलेज पर बसपा की महापौर प्रत्याशी को पुलिस ने खदेड़ दिया। वार्ड 15 में भाजपा एवं बसपा प्रत्याशियों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले तो वहीं वार्ड 41 मैं कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा समर्थक को धुन डाला। जिले के जौरा नगर परिषद, बानमोर नगर परिषद, कैलारस नगर परिषद, झुण्डपुरा नगर परिषद एवं सबलगढ़ नगर पालिका वार्ड प्रत्याशियों के चुनाव में मतदान शांतिपूर्ण हुआ।

बुधवार की सुबह नगर पालिक निगम महापौर एवं वार्ड प्रत्याशियों के लिए 7 बजे से ही शहर भर में बनाए गए पोलिंग बूथों पर मतदान आरंभ हो गया। चुनाव को लेकर मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा गया और सुबह से ही बड़ी संख्या में कई पोलिंग बूथों पर भीड़ देखने को मिली। इस दौरान वार्ड क्रमांक 15 में भाजपा एवं बसपा के समर्थकों के बीच फर्जी मतदान करने को लेकर लाठी-डंडे चल गए। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ और सभी को खदेड़ दिया गया। यह घटना लिटिल लॉर्ड स्कूल की बताई गई है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 23 एवं 40 में फर्जी मतदान की आशंका के चलते सड़कों पर जमा भीड़ को पुलिस द्वारा खदेड़ा गया। सूचना मिलने पर कलेक्टर व एसपी पहुंचे और आसपास खुली दुकानों को बंद कराया। पॉलिटेक्निक कॉलेज पर सुबह भ्रमण के लिए निकली बहुजन समाज पार्टी की महापौर प्रत्याशी ममता मौर्य द्वारा कुछ वोटरों को डायरेक्शन दिए जाने के चलते पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। वार्ड क्रमांक 41 जल संसाधन विभाग कार्यालय के पोलिंग बूथ पर फर्जी मतदान को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा समर्थक की पिटाई कर डाली। इसी प्रकार पूरे दिन जगह-जगह से बूथों पर फर्जी मतदान किए जाने की एवं अन्य सूचनाएं आती रही।

**वार्ड 16 मैं भाजपा प्रत्याशी ने फूल एवं अपना फोटो छपी पर्ची वितरित की, हुआ विवादः** शहर के वार्ड क्रमांक 16 का चुनाव जनता की नजरों में छाया रहा और इस वार्ड को लेकर लोगों में जिज्ञासा बनी रही। दिन भर प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों के बीच वाद-विवाद होता रहा। मतदान के दौरान दोपहर को उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब मतदाता पर्ची लेकर अंदर जा रहे थे और मीडिया ने वह पर्ची देख ली, जिसमें भाजपा प्रत्याशी की फोटो एवं चुनाव चिन्ह फूल छपा हुआ था।



## अपने पुत्र के साथ मतदान करने पहुंचे गोपीचन्द्र गुप्ता

**मुरैना।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण के मतदान में आज मतदाताओं ने मतदान किया। युवाओं से लेकर महिला और बुजुर्ग मतदाताओं ने भी अपने मत की अहमियत को समझा और उन्होंने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। नैनागढ रोड निवासी 80 वर्षीय गोपीचन्द्र गुप्ता पैरो से लाचार होने के कारण अपने पुत्र रबी गुप्ता के साथ ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में बने मतदान केन्द्र पर मतदान किया। बुजुर्ग मतदाता श्री गुप्ता स्वयं मतदान केंद्र पहुंचने में सक्षम नहीं थे, उन्हें उनके परिजन मतदान केंद्र तक लाए। उन्होंने मतदान केंद्र के अंदर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया और खुशी-खुशी अपने परिजनों के साथ घर की ओर रवाना हुए।

## मेधा पाटकर पर एफआईआर, प्रतिरोध की आवाज को खामोश करने की साजिशः माकपा

**भोपाल।** भाजपा सरकार अपने अपराधों को छुपाने और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उठने वाली प्रतिरोध की हर आवाज को खामोश कर देना चाहती है। समाजसेविका और नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर पर दर्ज की गई फर्जी एफआईआर इसी का नतीजा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि प्रतिरोध की आवाज को दबाने की कोशिश लोकतंत्र के लिए खतरा है। इस खतरे का सभी जनवादी ताकतों और सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर मुकाबला करना चाहिए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी मेधा पाटकर पर दर्ज झूठी एफआईआर को वापस लेने की मांग करते हुए।

# 6 नगरीय निकायों में द्वितीय चरण का मतदान शान्तिपूर्ण सम्पन्न, 61.71 प्रतिशत हुआ मतदान

### - मुरैना में 55.73, बानमौर में 76.21, जौरा में 72.90, कैलारस में 75.57, सबलगढ में 73.22 और झुण्डपुरा में 82.75 प्रतिशत हुआ मतदान



**मुरैना।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के तहत द्वितीय चरण का मतदान 13 जुलाई को शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिसमें 6 नगरीय निकायों में 61.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। नगर निगम मुरैना में 55.73, नगर परिषद बानमौर में 76.21, नगर परिषद जौरा में 72.90, नगर परिषद कैलारस में 75.57, नगर पालिका सबलगढ में 73.22 और नगर परिषद झुण्डपुरा में 82.75 प्रतिशत मतदान हुआ है। 6 नगरीय निकायों में 3 लाख 66 हजार 629 मतदाताओं में से 1 लाख 23 हजार 156 पुरूष, 1 लाख 3 हजार 710 महिला एवं 5 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अधिकारी लगातार मतदान केन्द्रों पर भ्रमण करते रहे। इसके अलावा पुलिस मोबाइल टीम भी बराबर 10 से 12 मिनिट के अंदर मतदान केन्द्रों पर भ्रमण करती रहीं। भ्रमण के समय कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव सहित राजस्व एवं पुलिस सेक्टर ऑफीसर उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम मुरैना में 2 लाख 52 हजार 817 मतदाताओं में से 77 हजार 383 पुरूष और 63 हजार 502 महिला मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। नगर परिषद बानमौर में 27 हजार 346 मतदाताओं में से 11 हजार 84 पुरूष, 9 हजार 757 महिला मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। नगर पंचायत जौरा में 30 हजार 114 मतदाताओं में से 11 हजार 646 पुरूष, 10 हजार 302 महिला मतदाता एवं 4 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया।

## रंजीत ने सहपत्नि मतदान कर सेल्फी पॉइंट का उठाया लुत्फ

**मुरैना।** केशव कॉलोनी मुरैना निवासी रंजीत व उनकी पत्नि श्रीमती नेहा पाठक ने जनपद पंचायत कार्यालय के प्रागंण में आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 92 पर पहुंचकर मतदान किया। मतदान करने के बाद पति-पत्नि बेहद प्रशन्नता में दिखे। पति-पत्नि ने मतदान के बाद कहा कि प्रशासन ने मतदान केन्द्रों को इस प्रकार सजाया है, जिस प्रकार गार्डन को शादी के दिन तैयार किया जाता है। इस सजावट से हम प्रशासन का बहुत-बहुत आभार मानते है कि उन्होंने हम जैसे मतदाताओं को मतदान कराने के लिये बेहतर प्रबंध किये।वहीं मतदान करने के बाद पति-पत्नि ने सेल्फी पांइट पर मोबाइल से सेल्फी लेकर लुत्फ उठाया।




# निगम चुनाव में प्रशासन और पुलिस ने भाजपा का एजेंट बनकर किया कामः दिनेश गुर्जर

### केंद्रीय मंत्री के दबाव में प्रशासन ने दिया भाजपा प्रत्याशियों का साथ, कांग्रेस ने चुनाव आयोग को भेजी शिकायत

**मुरैना।** नगरीय निकाय चुनाव के तहत नगर पालिक निगम मुरैना के महापौर प्रत्याशी एवं पार्षद प्रत्याशियों के लिए बुधवार को मतदान के दौरान प्रशासन एवं पुलिस की भूमिका पर कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाए और आरोप लगाया के प्रशासन एवं पुलिस ने भाजपा का एजेंट बनकर चुनाव कराया तथा कांग्रेस के शांतप्रिय स्वच्छ छवि वाले वार्ड प्रत्याशियों को जबरन थाने में बैठा दिया, जबकि भाजपा के अपराधी किस्म के प्रत्याशी सरेआम मतदान केंद्रों पर घूमकर मतदाताओं को डरा धमकाकर फर्जी मतदान कराते रहे। फोन पर शिकायत करने के बावजूद कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक देखने की बात करते रहे और भाजपा के लोग अपने मंसूबे सफल करते हुए देखे गए। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है और उन्होंने चुनाव आयोग के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने बुधवार की दोपहर 1 बजे मीडिया को बताया कि उनके द्वारा पहले ही अंदेशा जताया था कि नगर निगम चुनाव निष्पक्ष नहीं हो पा रहा है, क्योंकि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर 15 दिन से मुरैना में रहकर प्रशासन पर दबाव बनाए हुए हैं और मुख्यमंत्री यहां तक कह गए थे, हमें हर हाल में निगम महापौर एवं वार्ड प्रत्याशियों के चुनाव जीतने है, जिस कारण प्रशासन मूकदर्शक बना रहा और कलेक्टर, एसपी मोबाइल बंद कर अथवा कवरेज एरिया के बाहर रहकर शिकायतों से बचते दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 2, 23, 17, 15, 19, 32, 46, 11, 14, 21, 27, 38, 25, 33, 45 आदि पर प्रशासन फर्जी मतदान कराता रहा और कांग्रेस प्रत्याशियों को अंदर तक नहीं जाने दिया गया, जबकि भाजपा के प्रत्याशी व नेता खुलेआम पोलिंग बूथों पर घूमते रहे और मतदाताओं को डराते धमकाते दिखाई दिए, यही नहीं कांग्रेस के साफ-सुथरी छवि के प्रत्याशियों को थाने में बैठा लिया गया, जबकि भाजपा की ओर से ऐसे कई प्रत्याशी जिन पर हत्या के अपराध दर्ज है, वह मतदान केंद्र पर घूम कर मतदाताओं को डरा धमका रहे थे और पुलिस उन्हें संरक्षण दे रही थी। नगर निगम चुनाव में पर्चियां तक कांग्रेस प्रत्याशियों को नहीं दी गई है और बीएलओ द्वारा सभी पर्चियां भाजपा के प्रत्याशियों को दे दी गई, जिस कारण मतदाता परेशान होते दिखाई दिए, यह मतदाता का अपमान भाजपा के लोगों ने किया है। मतदान के दौरान लोग वोटर कार्ड लेकर मतदान करने जा रहे थे तो उनसे कहा जा रहा था पर्ची लेकर आओ और पर्ची के अभाव में उन्हें वापस कर दिया गया। चुनाव से ठीक एक-दो दिन पूर्व मतदान केंद्र परिवर्तित कर दिए गए। सुबह से शाम तक पुलिस एवं भाजपा के लोग शहर में नंगा नाच करते दिखाई दिए। श्री गुर्जर ने कहा कि मुरैना की जनता अन्याय की लड़ाई में न्याय के साथ है और इसका परिणाम देखने को मिलेगा।



# आशा ने किया पहली वार मतदान

**मुरैना।** नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 38 निवासी कु. आशा सिकरवार पुत्री भूपेन्द्र सिकरवार ने पहली वार मतदान कर खुशी जाहिर की। कु. सिकरवार ने कहा कि मतदाता को उसका अधिकार 18 वर्ष पूर्ण होने पर प्राप्त होता है। किन्तु हमने पढाई-लिखाई तो कि मत देने का ज्ञान भी प्राप्त हुआ परन्तु अभी तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं थी। इसलिये मत देने का अधिकार नहीं था। राज्य निर्वाचन आयोग ने पिछले 6 माह पूर्व मतदाता सूची में नाम जोडने का कार्यक्रम जारी किया। जिसमें बीएलओ घर पर आये और मेरा पासपोर्ट साइज फोटो, पिताजी का वोटर कार्ड लेकर गये। कुछ समय बाद मेरा वोटर कार्ड बनकर घर पर ही प्राप्त हुआ। आज मैं अपने मताधिकार का उपयोग करके बेहद प्रशन्न हूं। आज मैंने मतदान किया है, मैंने मतदान एक मजबूत, स्थाई एवं विकास हेतु नगर सरकार बनाने के लिये मतदान किया है।



# नगर निगम मुरैना में दो आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये

### वृद्ध, दिव्यांगों को सुगम मतदान एवं बच्चों के लिये खिलौनो का किया प्रबंध

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग की पहल पर नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के अन्तर्गत नगर निगम मुरैना में जनपद कार्यालय और चंबल कॉलोनी स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 321 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये थे। इन मतदान केन्द्र पर आम मतदाताओं को छोड़कर वृद्ध एवं दिव्यांगों के लिये अतिरिक्त सुगम मतदान कराने की सुविधा प्रदान की गई। इसके साथ ही आदर्श मतदान केन्द्र पर जिन महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे आये हुये थे, उनके लिये खिलौने, बिस्किट, गुब्बारों का प्रबंध किया गया। यह कार्य आंगनवाडी कार्यकर्ता, सचिव एवं जीआरएस के जिम्मे था। नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन ने बताया कि आदर्श मतदान केन्द्र पर चुनाव आयोग की 16 बिन्दुओं की गाइडलाइन के अनुसार भवन के भू-तल पर मतदान केन्द्र स्थापना, प्रवेश द्वार को सुसज्जित करना जैसे तोरण द्वार, रंगोली, गुब्बारे एवं फूलों से सजाया गया। मतदान परिसर में छायादार प्रतीक्षा कक्ष, बैठने के लिये कुर्सियां, स्वच्छ दरी आदि की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, सुगम पहुंच मार्ग, बिजली की व्यवस्था, महिला एवं पुरूष के लिये पृथक-पृथक लाइन, वरिष्ठ, वृद्ध, बीमार एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान में प्राथमिकता, पृथक-पृथक प्रवेश द्वार एवं निर्गम द्वार, रैम्प की व्यवस्था, व्हीलचेयर की व्यवस्था, फस्ट एण्ड बॉक्स, मतदान केन्द्र के पास सुविधा केन्द्र की स्थापना, आदर्श मतदान केन्द्र पर प्रत्येक मतदाताओं को 100 प्रतिशत मतदाता पर्चियों का वितरण और इसके अतिरिक्त अन्य उपाये जो, उचित समझे गये, उनका उपयोग भी आदर्श मतदान केन्द्र पर किया गया।



# ग्राम मुरावली में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन-कथा के पांचवे दिन गोवर्धन पूजा,श्री कृष्ण की नटखट लीला का किया गया वर्णन

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** लहार क्षेत्र के ग्राम मुरावली नरसिंह धाम सरकार में सुप्रसिद्ध भागवताचार्य देवी संध्या जी के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय वाचन किया जा रहा है।कथा के पंचम दिवस भगवान की वाल लीलाओं का वर्णन किया गया। पूतना उद्धार सक्तासुर वध नामकरण माखन चोरी यमलार्जुन उद्धार वृंदावन वास गोपी चीर हरण अंत में गिरराज गोवर्धन की उत्पत्ति की कथा ब भगवान ने पूजन क्यों कराया साथ ही माखन की चोरी भगवान क्यों करते थे।देवी संध्या जी ने बताया कि भगवान माखन की चोरी इसलिए करते थे कि एक बार सभी देवताओं ने मिलकर भगवान से कहा कि मुझे आपके घर का मक्खन खाना है तो भगवान ने कहा अगर मैं मां से मांग लूंगा तो मां देगी नहीं इसलिए मैं मटकी फोड़ दिया करूंगा आप आकर खा जाया करो अगर चोरी नही करते तो कुबेर के पुत्र जो वृक्ष वने थे उनका उद्धार कैसे होता और चीर हरण एक अज्ञान रूपी माया का आवरण हटाना ही चीर हरण है।।साथ ही गोपियों की लीला का वर्णन देवी जी के मुखारविंद से किया गया।जिसमे



बताया कि गोपियां नग्न स्नान करती ये कुप्रथा थी उसको समाप्त किया और गिरराज भगवान कृष्ण के



पुत्र है पूर्व वरदान के कारण भगवान ने गिरराज का पूजन कराया और फल बताया की जो भी भगवान गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा का पूजन करता है।उसके सारे कष्ट समाप्त हो जाते हैं उसके घर में कभी भी धन और धान्य की कमी नहीं रहती कथा में नारसिंह धाम सरकार सेवा समिति के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा कड़ी मेहनत के साथ श्रीमद् भागवत कथा को सफल रूपी प्राप्त किया जा रहा है।


## प्रजापति समाज बीपीएचओ टीम अम्बाह द्वारा मनाई गई पृथ्वी के प्रथम महाराजा दक्ष प्रजापति जी की जयंती...



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** प्रजापति समाज के आराध्य देव भगवान ब्रह्मा जी के मानस पुत्र पृथ्वी के प्रथम महाराजा एवं भगवान शंकर जी के ससुर महाराजा दक्ष प्रजापति जी की जयंती गुरु पूर्णिमा पर राम तलैया धाम मंदिर भरतपुरा अम्बाह पर मनाई गई जिसमे बीपीएचओ टीम अम्बाह द्वारा श्रद्धालुओं को ठंडे मीठे पानी का जलपान कराया गया इस अवसर पर इंजी संतोष प्रजापति, शेलेन्द्र प्रजापति रीडर , दिनेश प्रजापति सचिव, राजीव प्रजापति अध्यक्ष भाजपा पिवमोर्चा अम्बाह, मुकेश , राधे, राकेश, मनीष, सूरज, संदीप, अंशु इत्यादि सैकड़ा प्रजापति भाई मौजूद रहे रीडर द्वारा बताया कि प्रजापति समाज कई सालों से इसी प्रकार महाराज दक्ष प्रजापति जी की जयंती मनाता चला आ रहा है आज का दिन प्रजापति समाज मे हर्सोल्लास का दिन है सबसे पहले दक्ष प्रजापति की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए गए ओर जलपान वितरण किया गया ।

## बालाघाट जिले के राजिव सागर बांध से बावनथड़ी नदी में छोड़ा गया 500 क्यूसेक पानी



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजलीं टुडे**

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के तिरोड़ी तहसील में बीती रात हुई लगातार भारी बारिश के कारण राजीव सागर डैम में पानी की आवक बहुत बढ़ गई है। जिसके कारण इस डेम से 500 क्यूसेक पानी बावनथड़ी नदी में छोड़ा गया है। पानी आवक अधिक होने पर छोड़े गए पानी की मात्रा बढ़ाई भी जा सकती है । बावनथड़ी नदी के किनारे बसे बालाघाट जिले के गांवों एवं भंडारा जिले के ग्रामों को पानी छोड़े जाने की सूचना भेज दी गई है और सतर्कता बरतने कहा गया है। तिरोड़ी तहसील में पिछले 24 घंटों में 202 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

# जिनके इरादे बुलन्द हो तो कामयावी अपने आप हथेली चूमती है...

**सुनील तोमर रिपोर्टर अम्बाह...**

यह एक ऐसे अधिकारी का नाम है जिसको जनता संकटमोचन नाम से भली भॉति परिचित है इनकी कारबाहियॉ निश्पक्ष व सटीक होती है चाहे गरीब हो चाहे पैसे बाला उनकी नजर मे हमेशा बराबर दर्जा मिलता है कई अम्बाह में झगडो बाले लम्बे राजस्व सम्बधित प्रकरण उन्हौने दौनो पार्टी को बुलाकर आपसी सामज्स बिठाकर निपटारा किया है यह उनकी एक अनोखी मिसाल है अब पंचायत व नगरी निकाय चुनाव की बात करे तो अम्बाह पोरसा डिबीजन 2022 चुनाव निष्पक्ष





निर्भीक होकर मतदाताओ ने मतदान किया यह एक रिकॉर्ड है अम्बाह पोरसा में पहली बार इतना शान्ति प्रिय चुनाव हुआ है रही बात काउन्टिग की तो बिल्कुल निश्पक्ष व इमानदारी से कराई गई अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया जी ने अपने अम्बाह पोरसा दोनों निर्वाचन चुनाव पंचायत नगरी निकाय को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में जी तोड मेहनत कर सफलता हासिल की उस उपलब्धी से कलेक्टप मुरैना काफी खुश हुऐ तदोपरांत कलेक्टर मुरैना ने उन्है कैलारस के पंचायत एवं नगरीय दोनो को सम्पूर्ण प्रभारी बनाया था ,5 दिन तक वही रहकर अथक मेहनत के बाद जब रात 10 बजे पंचायत की मतगणना खत्म हुई जो जिले में सबसे कम समय 24 घण्टे की बजाय 14 घण्टे के रिकॉर्ड समय मे बिना विवाद के व ईमानदारी से निश्पछ खत्म हुई तो कैलारस एसडीओपी, व तहसीलदार,व जनपद सीईओ,बीआरसी , एवं संपुर्ण टीम ने अम्बाह एसडीएम व टीम को माल्यार्पण कर आत्मीय विदाई दी ,तो कैलारस की जनता का मन गद् गद् होगया और एसडीएम साहब ने भी धन्यबाद दिया...

## महावीर इंटरनेशनल लांजी नवजात शिशुओं को वितरित करेगा निशुल्क बेबीकिट

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



**बालाघाट** महावीर इंटरनेशनल लांजी के चैयरमेन विशाल राउत खोंगल के द्वारा पुरी टीम के साथ लगातार जनहित में कार्य किए जाते हैं। इसी तारतम्य में जिला बालाघाट रिजन-9 के द्वारा दिनांक 14/07/2022 दिन गुरुवार को महावीर सेवा के माध्यम से निन्शुल्क बेबीकिट नवजात शिशुओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिविल अस्पताल लांजी में नवजात बच्चों को बेबी किट का वितरण किया जाना है। जिसमें सभी सदस्यों एवं प्रबुद्ध जनों से विशाल खोंगल ने निवेदन करते हुए उपस्थिति होने कहा है।

## बच्चों को किसी कारण से शिक्षा से वंचित नही किया जाना चाहिए

## विद्यार्थी जीवन ही बच्चो के भविष्य को आकार देने का आधार हैः महेंद्र मुणोत

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलूरू =**शुक्रवार को रिलीज हुई कन्नड़ बच्चों की फिल्म अंगैयल्लि अक्षराक्षआज मागडिरोड सुंकदकट्टे मे मोहन चित्रमंदिर में स्कूली छात्रों के लिए विशेष प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में मारुति मेडिकल्स के गोसेवक महेंद्र मुणोत शिक्षा मंत्री के रूप में पात्र किया हैं। यह फिल्म छात्रों और अभिभावकों के लिए एक जरूरी फिल्म है क्योंकि यह छात्र जीवन के बारे में एक अच्छे संदेश का फिल्म है । महेंद्र मुणोत आज थिएटर पहुंचे और दोपहर की स्क्रीनिंग पर छात्रों के साथ फिल्म देखी। उन्होंने अपनी विद्या सुरक्षा योजना के तहत बच्चों को नोटबुक भी बांटी। बाद में छात्रों को संबोधित करते हुए मुनोत ने कहा, %बच्चों को किसी भी कारण से शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, विद्यार्थी जीवन ही बच्चों के भविष्य को आकार देने का आधार है.।महेंद्र मुणोत के साथ फिल्म का निर्माता निर्देशक सिद्धराज और अन्य लोग थे।

# शासकीय हैंडपंप पर दबंग व्यक्ति ने किया कब्जा, पानी भरने के दौरान युवक पर किया कुल्हाड़ी से वार

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-**भिण्ड जिले के दबोह कस्बे के ग्राम बघेड़ी में सोमवार 11 जुलाई की शाम शासकीय हैंडपंप से पानी भरने पर लोगो ने युवक पर कुल्हाड़ी से वार किया व उसके परिवार से मारपीट कर दी यह वयान घायल के भाई ने दिया है।जिसके बाद फरियादी रमेश दोहरे पुत्र जालिम दोहरे उम्र 52 साल निवासी ग्राम बघेडी थाना दबोह ने घायल अवस्था में अखिलेश कुमार के साथ उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि और बताया कि दिनांक 11.07.22 के शाम 4.55 बजे की बात है रामलखन मिश्रा के दरबाजे पर शासकीय हैण्डपम्प लगा है जिसमें रामलखन मिश्रा प्राईवेट पानी भरने के लिये मोटर डाले हुये है।उसी हैण्डपम्प से मेरी पत्नि फूलवति एवं मेरा लड़का पंकज पानी भरने गये तो हैण्डपम्प की तेज आवाज आ रही थी तभी शिवकुमार आये और माँ बहिन की गंदी गंदी गालियाँ देने लगे साथ ही उन्होंने जातिसूचक गालियां देते हुए बोले कि हेण्डपम्प तेज क्यों चला रहा है।तब मेरे लड़के ने कहा मै हैण्डपम्प तेज नहीं चला रहा हूँ इसी बात से शिवकुमार ने पंकज को लात घूंसो से मारपीट की तो मैने जाकर पंकज को बचाया तो शिवकुमार ने एक ईंट का टुकड़ा छत से मारा जो मेरे लडके पंकज के सिर में लगा चोट होकर खून निकला।मैने बचाया फिर रामलखन आया उसने मेरी लात घूंसो से मारपीट कर दी जिससे मेरी बांई



जांघ में मूदी चोट आई।मै चिल्लाया मेरी पनि बचाने आई तो उसको हरिशंकर व शिवकुमार ने लात घूंसों से ने मारपीट कर दी।जिससे मेरी पत्नि के कपडे फट गये मौके पर रामकुमार दोहरे,दीनदयाल दोहरे ने घटना देखी व बीच बचाव कराया।फिलहाल तो फरियादी ने रिपोर्ट पर कार्यवाही करने की मांग की है।वहीं घायल के भाई अखलेश दोहरे ने बताया कि शिवकुमार मिश्रा,रामलखन मिश्रा व हरिशंकर मिश्रा निवासी बघेडी ने मेरे भाई पर पानी भरने को लेकर कुल्हाड़ी से वार किया जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट आई है और अभी उसका उपचार ग्वालियर में जयारोग्य हॉस्पिटल में चल रहा है।वहीं उन्होने बताया कि तीनों लोगो ने मेरे भाई समेत परिवार के अन्य सदस्यों पर भी ईंट व पत्थरो से वार किया है जिसमे सबको मुंदी चोट आई हैं।घायल के भाई ने बताया कि पूर्व में भी पानी भरने को लेकर इन लोगो ने विवाद किया था जिसकी शिकायत भी की गई थी और तब मौके पर पहुंचकर डायल 100 ने समझाइश दी थी कि हैंडपंप से प्राइवेट मोटर निकाल दो।परंतु फिर भी अब तक कोई कार्यवाही नही हुई और फिर इन लोगो ने हलमा कर दिया।फिलहाल तो घायल के भाई अखलेश दोहरे ने वरिष्ठ अधिकारियों से आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की है और उन्होंने कहा कि अगर कार्यवाही नही होती है तो वरिष्ठ अधिकारियों तक अपनी शिकायत लेकर जाएंगे।वहीं इस पूरे मामले को लेकर जब क्काश्व विभाग में इंजीनियर के.सी झा से शासकीय हैंडपंप में प्राइवेट पानी की मोटर डालने पर कार्यवाही न करने के बारे में पूछा गया तो वह भी बात को गोल मोल घुमाते हुए अपना बचाव करते हुए नजर आए।फिलहाल तो शासकिय हैंडपंप पर प्राइवेट मोटर डालने की शिकायत कुछ लोगो द्वारा पूर्व में क्काश्व विभाग के इंजीनियर व पँचायत सचिव से भी की गई परन्तु अब तक कोई भी प्राइवेट मोटर हटवाने की जहमत नही जुटा पाया।

### इनका कहना


1-अभी चुनाव के चलते ड्यूटी चल रही है जिसकी वजह से व्यस्तता ज्यादा है।17 जुलाई के बाद कार्यवाही करता हूं।

**आर ए प्रजापति**
**एसडीएम लहार**

# भ्रष्टाचार की वजह से बन आफियाओ की बल्ले-बल्ले







**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** ग्वालियर ज़िलें कि सीमा से लगी बन चौकी के काले कारनामे सबके सामने आ रहे है बन चौकी के समीप पूरी अवैध वस्ती का निर्माण हो गया हैं और बन अमला चिर निद्रा मे सोया हुआ हैं ? ग्वालियर बेहट मार्ग पर हाइवे से लगी हुई बन चौकी के बगल मन्दिर के ठीक सामने बन भूमि से भूमि माफियाओ ने अवैध खुदाई की परन्तु वन अमला हाथ -पर हाथ रखे बैठा है। बन विभाग ने इस पर कोई ठोस कार्यवाही नही की है। इसके साथ-साथ आसपास जंगल की अवैध कटाई जोरो पर है। रात के 10 बूजे के बाद जंगल की अवैध कटाई करके ट्रैक्टर ट्राली में भरकर व बैलगाडी मे भरकर प्रतिदिन निकलती है वन अमल पूरी सजगता से उन वाहनो व गाडियो से उगाई करके अपनी जैवे भर रहे है। वन की अवैध रूप से कटाई जोरी पर है न वरिष्ठ वन अधिकारी इस ओर ध्यान दे रहे हैं और न जिला प्रशासन का इस ओर ध्यान है । बन सम्पदा के नाम पर वैसे ही अंचल खाली है और जो बची है उसे बन महकमे की घोर लापरवाही के कारण पूरी तरह नष्ट भ्रष्ट किया जा रहा है ।

न तो अवैध गाडियों पर रोक लग रही है और नही बन माफिया पर शख्त कार्यवाही हो रही है। चौकी के नाक के नीचे पूरी की पूरी अवैध कालोनी बस गई हैं चौकी के समीप बन भूमि पर ट्रक वाले डम्फरो से मिट्टी की खुदाई जोरो पर है खेतो मे कोलोनाइजर वन भूमि की खुदाई कर करोडो के बारे न्योर कर रहे है और वन अमले की जैव भी गरम कर रहे है बम विभाग के लोग नोटों के दवाव में अपनी ड्यूरी करना ही भूलते जा रहे हैं

और बन माफिया मौज कर रहे हैं। जिला वन मण्डल अधिकारी भी इस घटना पर कोई कार्यवाही नही कर रहे हैं।



# नावालिग बालिका का रेप कर जघन्य हत्या करने वाले 25 हजार रूपये के इनामी आरोपी को ग्वालियर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पकड़े गये आरोपी को जिला फहेतगढ़ साहिब(पंजाब) में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में 07 वर्ष तथा पटियाला जेल में साढ़े तीन वर्ष एवं आगरा जेल में दो वर्ष के कारावास की सजा भी हुई थी।**






**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**


**ग्वालियर।** थाना हजीरा क्षेत्रान्तर्गत 9 वर्षीय बालिका की रेप कर जघन्य हत्या करने की घटना को गंभीरता से लेते हुए अति. पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन श्री डी.श्रीनिवास वर्मा,भापुसे द्वारा उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपये* का इनाम घोषित करते हुए आरोपी को अतिशीघ्र पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था। *पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी,भापुसे* द्वारा *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्री अभिनव चौकसे,भापुसे* एवं *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को थाना बल एवं क्राईम ब्रांच की पृथक-पृथक टीमें बनाकर नावालिग बालिका की रेप कर हत्या करने वाले फरार दुर्दांत आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में *सीएसपी महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया* के मार्गदर्शन में थाना हजीरा एवं क्राइम ब्रांच की टीमों द्वारा उक्त फरार आरोपी को पकड़ने हेतु दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश के साथ-साथ ग्वालियर जिले की सरहद से लगने वाले जिलों में उसके छिपने के ठिकानों पर लगातार दबिस दी गई। उक्त आरोपी को पकड़ने के लिये पुलिस टीमें पंजाब भी गई जहां पर पुलिस टीम को जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त आरोपी के विरूद्व थाना खमानो जिला फहेतगढ़ साहिब(पंजाब) में अप0क्र0 19/2009 धारा 15 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्व हुआ था जिसमें उक्त आरोपी 07 वर्ष नाभा जेल में बंद रहा, उसके पूर्व वर्ष 2001 में पंजाब की पटियाला जेल में एडीपीएस के मामले में साढ़े तीन साल जेल में रहा था। इसके साथ ही एनडीपीएस के एक अन्य मामले में उक्त आरोपी आगरा जेल में भी 2 वर्ष की सजा काट चुका है। आज दिनांक 13.07.2022 को मुखबिर की सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त रेप व हत्या के दुर्दांत आरोपी को थाना हजीरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 27.06.2022 को फरियादी द्वारा थाना हजीरा आकर रिपोर्ट की गई थी कि दिनांक 26.06.2022 के दोपहर मेरा बेटा व 9 वर्ष की बेटी घर के पास स्थित मंदिर में खेल रहे थे। तभी मेरे बेटे ने घर आकर बताया कि मेरे मामा मेरी बेटी को आईसक्रीम खिलाने के लिये साथ ले गये हैं। काफी देर तक बेटी के वापस न आने पर जब मैंने अपने मामा के घर जाकर उनसे बेटी के संबंध में पूछा तो उन्होने बताया कि वह तो आईसक्रीम खिलाकर बेटी को छोड़ गये थे। तब मैने मामा से कहा कि मैं पुलिस में रिपोर्ट लिखाने जा रहा हूँ, उसके बाद फरियादी ने थाना हजीरा पर सूचना दी जिस पर से थाना हजीरा में अप0क्र0 310/2022 धारा 363 भादवि का प्रकरण अज्ञात व्यक्ति के विरूद्व कायम कर विवेचना में लिया जाकर अपहृत बच्ची की तलाश की गई। दौराने जांच आसपास के क्षेत्रों में लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज की जांच करने पर पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि बच्ची को ले जाने वाला व्यक्ति फरियादी का मामा है, जब पुलिस द्वारा फरियादी के मामा की तलाश की गई तो वह घर से फरार हो गया। दिनांक 28.06.2022 को सुबह पुलिस को सर्चिंग के दौरान रेल्वे ट्रेक के पास झाड़ियों में एक नावालिग बच्ची का शव पड़ा हुआ मिला। पुलिस टीम द्वारा उक्त शव की शिनाख्त कराई गई जो थाना हजीरा क्षेत्र से दो दिन पहले अपहृत हुई 9 साल की बच्ची का निकला। घटना स्थल का निरीक्षण वरिष्ठ अधिकारियों एवं फारेंसिक टीम द्वारा किया गया। पुलिस द्वारा बच्ची के शव का पीएम कराने पर ज्ञात हुआ कि उसकी हत्या से पूर्व उसके साथ रेप भी किया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस द्वारा फरियादी के मामा के खिलाफ अपहृण, रेप, हत्या व पॉक्सो एक्ट का प्रकरण पंजीबद्व कर आरोपी की तलाश की गई।

### सराहनीय भूमिका

उक्त जघन्य हत्या व रेप के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी हजीरा निरीक्षक मनीष धाकड़, थाना हजीरा टीम- उप निरीक्षक नरेन्द्र छिकारा, सउनि राजवीर माबई, रामेन्द्र सेंगर, आरक्षक अरूण लोधी, संदीप जाट, हेमंत चौरसिया, रूपकिशोर शर्मा, लबकुश यादव, गिरर्जाशंकर मुदगल, भागीरथ, थाना महाराजपुरा के आरक्षक कुलदीप तोमर, विजय बघेल, राहुल दुबे थाना क्राईम ब्रांच- सउनि राजीव सोलंकी, प्र.आर. रामबाबू, आरक्षक आशीष शर्मा, गौरव आर्य की सराहनीय भूमिका रही।


# कान्हा से एक मादा बाघिन (सुंदरी) वन विहार भोपाल रवाना



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** कान्हा प्रबंधन द्वारा 13 जुलाई 2022 को दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर घोरेला बाघ बाडे मे विचरण करने वाली मादा बाघ सुंदरी को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल म.प्र., में स्थानांतरण हेतु रवाना कर दिया गया है। इस बाघिन को आज कान्हा एवं पेंच टायगर रिजर्व के वन्यप्राणी चिकित्सकों एवं अधिकारियों द्वारा निश्चेत कर उसके शरीर के आवश्यक माप रिकार्ड किए गए तथा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यवाही श्री एस.के सिंह, क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, के मार्गदर्शन में कान्हा प्रबंधन द्वारा सम्पन्न की गई। सतकोसिया टाईगर रिजर्व उड़ीसा में बाघ स्थापना कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2018 मे बांधवगढ़ से एक बाघिन को सतकोशिया भेजा गया था। सतकोशिया मे कुछ अवांछित घटनाओं के पश्चात बाघिन को क्षेत्रिय नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सतकोसिया टाईगर रिज़र्व में दो वर्ष तक बाड़े में रखा गया था। भारत सरकार राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा बाघ स्थापना कार्यक्रम की समीक्षा उपरांत कार्यक्रम को स्थगित करते हुये स्थानांतरित बाघिन को म.प्र. वापस करने के निर्देश जारी किये गये। इस संबंध मे एक याचिका क्रमांक 10922/2020 को म.प्र. उच्च न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी थी। उच्च न्यायालय के दिनांक 04 नवंबर 2020 के आदेशानुसार बाघिन को कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला मे वन्यजीवन हेतु पुनः प्रशिक्षित करने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 24 मार्च 2021 बाघिन को सतकोसिया से लाया जाकर वनक्षेत्र में पुर्नस्थापना हेतु प्रशिक्षित करने के लिए कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला के मुक्की परिक्षेत्र के अंतर्गत घोरेला बाघ बाड़ा मे रखा गया था, बाघिन सुंदरी के द्वारा शिकार करने की प्रवृति अंगीकार कर की गयी थी, परन्तु उसका मनुष्यों के समीप जाने का व्यवहार परिवर्तित न होने के कारण मुक्त वन क्षेत्र में छोड़ा जाना सुरक्षित नही था। मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक म.प्र., भोपाल के द्वारा इसे वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल स्थानांतरित करने के आदेश दिये गये। यह कार्यवाही इसी संदर्भ में सम्पन्न हुई।

# पढ़ाई के लिए हॉस्टल सही या घर



प्राचीन काल में बच्चों को गुरूकुलों में शिक्षा दी जाती थी ताकि विद्यार्थी घर के उन्मुक्त वातावरण एवं समस्त आकर्षणों से दूर रहे और एकान्त में एकाग्रचित होकर पढ़ाई कर सकें। आज के युग में इस प्रकार के गुरूकुल तो सम्भव नहीं पर हॉस्टलों की व्यवस्था जरूर है। पर कहाँ गुरुकुल का शिस्त सभर वातावरण और कहाँ आजकल की होस्टलें।

आज अधिकतर अभिभावक असमंजस में रहते है कि बच्चों की शिक्षा के लिए घर का माहौल सही होता है, या हॉस्टल का। जैसे हर चीज़ के दो पहलू होते है वैसे हॉस्टल के वातावरण के बारे में भी यही कह सकते है। एक बात तो है की सारा दारोमदार बच्चों की परवरिश और उनकी निर्णय शक्ति पर होता है।

÷पँक से करके भी प्रीत कुमुद निर्मल निश्चल रह पाता है, जैसी सोहबत वैसी असर कथन का खंडन कर जाता है÷

कमल किचड़ में खिलकर भी अपनी सुंदरता बरकरार रखता है वैसे ही वातावरण चाहे कैसा भी हो, जो छात्र एक लक्ष्य के साथ हॉस्टल में रहते है उन पर वातावरण का असर नहीं होता।

ज़्यादातर लोगों का सोचना है कि हॉस्टल में रहकर बच्चें उच्छृंखल हो जाते है, बिगड़ जाते है। हॉस्टल का स्वतंत्र माहौल बच्चों को लापरवाह और गलत दिशा में ले जाता है। पर ये गलत बात है, स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने वाले कुछ ही बच्चें होते है, जो बिगड़ जाते है। वह जिन्हें घर में सख़ुती और हर बात पर पाबंदी वाला वातावरण मिला हो या दूसरों का अंधा अनुकरण करने की आदत हो। हॉस्टल में रहने वाले बच्चों को विचार करना चाहिए कि उन्हें उनके माता-पिता ने बड़े विश्वास के साथ भविष्य निर्माण हेतु भेजा है कुछ बनने के लिए और अपना भविष्य सँवारने हेतु भेजा है।

बच्चे अपने जीवन में कुछ करे, आगे बढ़े इसके लिए माँ-बाप बच्चों को हॉस्टल में भेजते तो है। पर बच्चों को हॉस्टल में डालने से पहले कई बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले तो बच्चों की मर्ज़ी जानिए क्या वो हॉस्टल में रहने के लिए मानसिक रूप से तैयार है। उसके बाद हॉस्टल का माहौल कैसा है, वहाँ का स्टाफ कैसा है, हॉस्टल के वार्डन का बच्चों के प्रति व्यवहार कैसा रहता है, वहाँ के कमरे कैसे हैं, जहाँ हॉस्टल है वहाँ के आस-पास का माहौल कैसा है, हॉस्टल का खान-पान कैसा है, सुरक्षा की क्या व्यवस्था है और सबसे बड़ी बात कि उस हॉस्टल में कोई गलत गतिविधियां तो नहीं होती ऐसी ही कुछ छोटी-मोटी बातों का हॉस्टल का चुनाव करते समय ध्यान रखना चाहिए।

आजकल हॉस्टलों में रैगिंग से लेकर बहुत सारी गंदगियां पनपती रहती है। बच्चें छुप-छुपकर शराब, सिगरेट पीने लगते है और मोबाइल पर पोर्नोग्राफ़ी विडियो देख-देखकर रेड़ लाईट एरिया की मुलाकात भी ले लेते है। और ड्रग्स माफ़िया भी हॉस्टल के आस-पास अपना कारोबार बढ़ाते बच्चों को ड्रग के व्यसनी बना देते है। रैगिंग कमज़ोर मानसिकता वाले बच्चों को अवसाद का भोग बनता देती है।

हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करना गलत नहीं आत्मनिर्भरता की प्रथम सीढ़ी है, जहाँ आत्मविश्वास, मिलनसारिता, सहयोग जैसे गुणों का विकास होता है। बस जरूरत है थोड़ी सावधानी बरतने की। खासकर लड़कियों को हॉस्टल में भेजने से पहले बहुत सारे मुद्दों को ध्यान में रखना पड़ता है। कभी-कभी उनके साथ गलत भी हो सकता है। पर सकारात्मक सोच रखें तो छात्रावासी लड़कियों का अपना एक स्वतंत्र व्यक्तित्व होता है, जिसमें आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान, निर्णय क्षमता और आत्मज्ञान जैसे गुणों का विकास होता है। इसलिए हॉस्टल में रही लड़कियाँ जीवन के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका बड़ी सफलतापूर्वक निभाती है। सामाजिक उत्तरदायित्व बखूबी निभाती है। वहाँ माँ का आँचल और पिता की छत्रछाया नहीं मिलती, घर के आत्मीय वातावरण से परे हॉस्टल में कठोर धरातल का सामना होता है, क्योंकि यहाँ किसी तरह का सहारा नहीं होता, इसलिए पराधीनता आत्मनिर्भरता में बदल जाती है इसलिए स्वावलंबन में हॉस्टल की भूमिका उल्लेखनीय है।

हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में माँ-बाप को पूरी जानकारी रखनी चाहिए। गार्ड कैसे हैं, वार्डन कैसी है उसका व्यवहार बच्चों के प्रति कैसा रहता है। क्योंकि आजकल हॉस्टल में जो वारदातें हो रही है उसमें गार्ड और वार्डन की भूमिका मुख्य होती है। इसलिए सुरक्षा के बारे में पूरी जानकारी रखें।

बच्चों को हॉस्टल भेजने के बाद इन बातों को रखना रखना चाहिए जैसे, सिर्फ पढ़ाई की जानकारी ही न लें पूरा दिन क्या करता है, कहाँ जाता है ये भी पूछें। अकेलापन महसूस न होने दें, बच्चों के पर्सनल लाइफ के बारे में जानकारी लेते रहिए और उसके दोस्तों से सम्पर्क बनाएं रखिए। बच्चों की हर गतिविधियों पर नज़र रखिए।

खासकर किसी ओर के बच्चे के साथ तुलना करके परीक्षा में अधिक प्रतिशत मा?र्क्स लाने का दवाब बिलकुल न ड़ालें।

यही वजह होती है कि बच्चे तनाव में आकर आत्महत्या कर लेते हैं। अगर अभिभावक बच्चों से हॉस्टल में रहने, खाने के अलावा अन्य टॉपिक पर बात करें तो शायद बच्चों को होने वाली दिक्कतें समय पर पता चल जाए और आत्महत्या की घटनाएं भी कम हो जाएगी।

छात्रावासी लड़कियों तथा लड़कों के बारे में कहा जाता है कि वे घर से दूर रहकर आत्मिक स्तर पर भी दूर हो जाते है तथा घर की जिम्मेदारी उठाने से कतराते है या अक्षम रहते है, परंतु यह बात गलत है। घर से दूर रहने पर ही घर का महत्व समझ में आता है और बच्चें आत्मनिर्भर बन जाते है।

हॉस्टल में पढ़ाई की स्वतंत्रता होती है, जब इच्छा करे तब पढ़ें, किसी तरह की रोक-टोक या दबाव नहीं होता। इसलिए पढ़ाई के प्रति अरुचि नहीं होती। यहाँ स्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो पढ़ाई के प्रति लगाव पैदा करती है। विचारों के आदान-प्रदान की जो सुविधाएँ हॉस्टल में मिलती है वह घर में नहीं मिलती। इसलिए सही वातावरण मिले तो पढ़ाई के लिए हॉस्टल लाइफ़ बहुत सुविधाजनक होती है। बदी और अच्छाई हर जगह होती है, हॉस्टल लाइफ़ बच्चों को बिगाड़ भी सकती है और सँवार भी सकती है, बच्चों की समझ पर निर्भर करता है कि वह कौनसी राह चुनना चाहते है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के 19 प्रतिबंधित उत्पादों के अतिरिक्त अन्य उत्पादों के उपयोग की अनुमति हेतु स्पष्टीकरण जारी किया जाए एवं तैयार स्टॉक को विक्रय हेतु तीन माह का समय दिया जाये : एमपीसीसीआई

**म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री-श्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय नागर विमान एवं इस्पात मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री-श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मध्यप्रदेश शासन के पर्यावरण मंत्री-श्री हरदीप सिंह डंग, ग्वालियर अंचल के समस्त सांसदगण, विधायकगण, फिक्की-नई दिल्ली, फेडरेशन-भोपाल एवं प्रदेश के समस्त चेम्बर ऑफ कॉमर्स को लिखा पत्र**

**ग्वालियर।** सिंगल यूज प्लास्टिक के 19 प्रतिबंधित उत्पादों के अतिरिक्त अन्य उत्पादों के उपयोग की अनुमति हेतु स्पष्टीकरण जारी किए जाने एवं तैयार स्टॉक को विक्रय हेतु तीन माह का समय दिये जाने को लेकर म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री-श्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय नागर विमान एवं इस्पात मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री-श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मध्यप्रदेश शासन के पर्यावरण मंत्री-श्री हरदीप सिंह डंग, ग्वालियर अंचल के समस्त सांसदगण, विधायकगण, फिक्की, नई दिल्ली, फेडरेशन, भोपाल एवं प्रदेश के समस्त चेम्बर ऑफ कॉमर्स को पत्र प्रेषित किया गया है। एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के 19 आयटमों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। इस आदेश के बाद जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही प्रारंभ कर दी है, जबकि वर्षों तक शासन द्वारा ही प्लास्टिक इण्डस्ट्री को बढावा दिया जाता रहा और बैंक लोन दिये जाते रहे, प्लांट स्थापित करने के लिए लोन के ब्याज पर सब्सिडी दी जाती रही जिसके कारण देश में लोगों के रोजगार का एक बड़ा केन्द्र यह बन गया है। यह बात सही है कि प्लास्टिक ने हमारे पर्यावरण का तेजी से नुकसान किया है, जिसके घातक परिणाम सामने आने लगे और इसको पूर्णत॒ प्रतिबंधित करना सरकार के लिये जनहितार्थ आवश?यक हो गया, लेकिन इस दौरान जो परिस्थितियां व्यापारी की आर्थिक एवं व्यवसायिक स्थिति को प्रभावित करती है, उन्हें रेखांकित कर, शासन तक पहुंचाने का दायित्व भी एमपीसीसीआई का है। पदाधिकारियों ने पत्र में उल्लेख किया है कि जब शासन के ऐसे निर्णय आते हैं, तब उनका पालन कराना प्रशासनिक अधिकारियों की मजबूरी होती है और जिन कर्मचारियों से इसका पालन कराया जाता है उनको इसकी कोई भी ट्रेनिंग या कार्यवाही से पूर्व कार्यशाला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नहीं की जाती है। परिणामत॒ इन कर्मचारियों द्वारा ऐसी कार्यवाही को अंजाम दे दिया जाता है जो नियम विरूद्ध होती है, जिससे सरकार के प्रति आमजन की नाराजगी बढती है और जनहितार्थ योजना भी जनविरोधी प्रतीत होने लगती है।

# नगरीय निकाय बालाघाट, कटंगी एवं लांजी में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान

**66.31 प्रतिशत हुआ मतदान, 298 प्रत्याशियों का चुनावी भाग्य ईव्हीएम में बंद**




**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 13 जुलाई 2022 को नगर पालिका परिषद बालाघाट के 33 वार्डों, नगर परिषद कटंगी के 15 वार्डों एवं नगर परिषद लांजी के 15 वार्डों से पार्षदों के निर्वाचन के लिए मतदान कराया गया। शाम 05 बजे सभी मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया है। इसके साथ ही 33 पार्षद के निर्वाचन के लिए भाग्य आजमा रहे 298 प्रत्याशियों का चुनावी भाग्य ईव्हीएम में बंद हो गया है। मतदाताओं द्वारा डाले गये मतों की गणना 20 जुलाई 2022 को बालाघाट, कटंगी एवं लांजी में होगी। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक कुमार, एसडीएम श्री संदीप सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सतिश मटसेनिया ने नगरीय क्षेत्र बालाघाट एवं कटंगी के मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान व्यवस्था पर निगरानी रखी। कटंगी एसडीएम कामिनी ठाकुर एवं लांजी एसडीएम ज्योति ठाकुर ने अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान व्यवस्था पर निगरानी रखी। शाम 05 बजे तक तीनों नगरीय निकाय के 130 मतदान केन्द्रों पर 70 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान के उपरांत सीलबंद ईव्हीएम बालाघाट, कटंगी एवं लांजी के स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखी गई है।

### कलेक्टर डॉ मिश्रा ने भी किया मतदान

आज 13 जुलाई को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जनपद पंचायत बालाघाट में बनाये गये मतदान केन्द्र में मतदान किया और आम जन को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। अपर कलेक्टर श्री शिवगोविंद मरकाम, तहसीलदार श्री रामबाबू देवांगन भी मतदान करने जनपद पंचायत बालाघाट के मतदान केन्द्र पर पहुंचे थे। 13 जुलाई को मतदान के दिन बालाघाट, कटंगी एवं लांजी में सुबह 07 बजे सभी 130 मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रारंभ हो गया था। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर का भी इंतजाम किया गया था। मतदान केन्द्रों पर सतत निगरानी रखने के लिए सेक्टर आफिसर के अलावा अन्य अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आयुषी जैन, श्री राहुल नायक, उप संचालक मत्स्योद्योग श्रीमती शशिप्रभा धुर्वे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अरूण श्रीवास्तव, जिला योजना अधिकारी श्री बलवंत रहांगडाले, जिला श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल की भी ड्यूटी लगाई गई थी। तीनों नगरीय निकाय में मतदान की स्थिति इस प्रकार है।

### क्रमांक नगरीय निकाय का नाम

मतदान केन्द्रों की संख्या प ु रू ष
मतदाता महिला मतदाता
अन्यमतदाता कुल मतदाता
पुरूष मतदान महिला मतदान
अन्य मतदान कुल मतदान
मतदान का प्रतिशतबालाघाट में 63.9त्न कटंग में 73.4% लांजी में 74.4% कुल 66.31% दर्ज हुआ।

# महानगर में धूमधाम से मनाया गया गुरू पूर्णिमा का त्यौहार

### श्रद्धा भाव से मनी गुरु पूर्णिमा





**ग्वालियर।** गोल्डन लोटस गार्डन में दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज के ब्रह्मज्ञानी वेद पाठी शिष्यों के द्वारा शुक्ल यजुर्वेदीय रुद्री पाठ के शुद्ध उच्चारण से हुआ। तत्पश्चात हजारों शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने भाव अश्रुओं सहित गुरुदेव का भव्य पूजन किया। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी जयवाणी भारती ने अपने प्रवचनों में गुरु पूजन के वास्तविक मर्म और महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि मानव जीवन की असली सार्थकता किसी सतगुरु के मिलने से ही है। क्योंकि सतगुरु ही मानव को आत्मिक जाग्रति प्रदान कर एक सुन्दर व शान्त समाज का निर्माण करते हैं।

साध्वी जी ने धार्मिक शास्त्र ग्रंथों के आधार पर बताया कि सतगुरु की असली पहचान है- अखंड मंडलाकारं व्याप्तं येन चराचरम तत पदम् दर्शितं येन तस्मै श्री गुरवे नमःअर्थात = जो अखण्ड है,सकल ब्रह्मांड में समाया है, चर-अचर में तरंगित है, उस प्रभु के तत्व रूप को, जो मेरे भीतर प्रकट कर, मुझे साक्षात दर्शन करा दे, उन गुरु को मेरा शत-शत नमन है। अर्थात वही पूर्ण गुरु है।

और सतगुरु की इस कसौटी पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी खरे उतरते हैं। वे पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से मानव में क्रांति और विश्व में शांति का लक्ष्य लिए समाज में परिवर्तन ला रहे हैं। वे ब्रह्मज्ञान द्वारा समाज का सामाजिक आध्यात्मिक उत्थान कर रहे हैं। इसी निमित्त संस्थान के द्वारा अनेक प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, जैसे- संतुलन- लिंग समानता कार्यक्रम, बोध- नशा उन्मूलन कार्यक्रम, संरक्षण- पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम, अंतर्दृष्टि- नेत्रहीनों व विकलांगों के जीविकोपार्जन के लिए कार्यक्रम, अंतरक्रांति- बंदी सुधार कार्यक्रम आदि। साध्वी विनीता भारती जी ने कार्यक्रम में आए हुए विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया। अंत में ब्रह्मज्ञानी साधक शिष्यों द्वारा विश्व शांति हेतू सामूहिक ध्यान किय गया। गुरुदेव की भव्य आरती एवं सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री राजेश सोलंकी जी (बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य), नागरिक, श्रीमती रचना सोलंकी जी, (सदस्य संचालक मंडल नागरिक सहकारी बैंक), श्री कमलेश सेन जी (सदस्य रेलवे स्लाहकर समिति भोपाल मंडल), श्री पवन सेन (प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा), श्री संदीप शर्मा ( प्रबंधक, नागरिक सहकारी बैंक), श्री अरविंद सिंह राणा, श्री महेंद्र काले, श्री मुकेश अग्रवाल सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गुरुपूर्णिमा पर गुरु के संगीतमय भजनों भक्ति झूमें गुरूभक्त

गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम में संगीतकर अर्पित जैन, पारस जैन, अखिल जैन ने दीवान गुरूवर का जाप गुरूवर का नाम दीवान गुरूवर....गुरूवर की सूरतिया लगे प्यारी प्यारी...गुरूवर हम तो दीवाने है तेरे...मुझे लगी गुरूसंग प्रीत की दुनिया क्या जाने....मेरे वीर प्रभू के द्वार ढोल बाजे रे...छोटे बाबा रे पधारो मोरे अंगना...जब खिड़की खोलू तो तेरा दर्शन हो जाएं.. चन्द्र प्रभू के दर्शन करने सोनागिर को जाऊंगी जैसे भजनो पर गुरूभक्तो ने जमकार नृत्य किया।

### संत बापू आश्रम में विशाल भंडारे के साथ बांटी साड़ियां

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आश्रम में ग्वालियर समेत आसपास के अंचल से भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तों द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया इस दौरान प्रातः से ही चरण पादुका पूजन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए अंत में विशाल भंडारा भी संपन्न हुआ।

इस पुनीत अवसर पर जरूरत मंद आदिवासी महिलाओं को साड़ियां उपहार स्वरूप प्रदान की गई। हजारों घरों में गुरु ज्ञान रूपी सत्साहितय ऋषि प्रसाद के उत्कृष्ट सेवादारों को तुलसी की मालाएं भेंट स्वरूप प्रदान की गई। आश्रम तक पहुंचने के लिए शहर भर से बसों की व्यवस्था भक्तो की सुविधा के लिए की गई थी। गुरु पूर्णिमा पर्व पर साधक भक्तों ने बड़ दादा पीपल बादशाह गुरु मंदिर व्यास पीठ पर श्रद्धा भाव से परिक्रमा कर आशीर्वाद ग्रहण किया। सत्संग समापन पर मंगला आरती कर सामूहिक प्रार्थना की गई। आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व की व्यवस्था संचालक अर्जुन भाई के कुशल मार्ग दर्शन में श्री योग वेदांत सेवा समिति युवा सेवा संघ महिला उत्थान मंडल द्वारा की गई थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलबीर सिंह परमार ने दी।

## वर्षाकाल को देखते हुए वार्ड 57, 58 एवं 59 के लिये बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव दल गठित

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के आदेशानुसार वर्षाकाल में संभावित शहरी बाढ़ नियंत्रण हेतु रूपसिंह स्टेडियम पर स्थित फायर ब्रिगेड मुख्यालय पर बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसी को देखते हुए अत्यधिक जल भराव वाले स्थानों को देखते हुए वार्ड 57, 58, 59 के लिये दल का गठन किया गया है। यह दल 24 घंटे कार्य करेगा। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार क्षेत्रीय कार्यालय 13 के क्षेत्राधिकारी द्वारा वर्षाकाल को देखते हुए, क्षेत्रीय कार्यालय 13 के विभिन्न वार्डों में दल का गठन किया है। जिसमें वार्ड 57 डब्ल्यूएचओ श्री दीपक खरे मो 9644405457, वार्ड 58 के डब्ल्यूएचओ श्री लाखन करोसिया मो 9644405458 एवं वार्ड 59 के डब्ल्यूएचओ श्री प्रशांत सुनपत मो 9644405459 को दल का प्रभारी बनाया गया है। इस दल के अधीनस्त कर्मचारी सिफ्ट वाय सिफ्ट 24 घंटे कार्य करें। कहीं भी वर्षा से जल भराव की स्थिती या अन्य समस्या आती है, तो इनको सूचित करें या कंट्रोल नम्बर पर सूचना दे सकते हैं। वर्षाकाल में संभावित शहरी बाढ नियंत्रण हेतु रूप सिंह स्टेडियम पर स्थित फायर ब्रिगेड मुख्याल बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

# पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ होगी मतगणना: कलेक्टर सिंह

### स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को समझाई मतगणना की प्रक्रिया



**ग्वालियर।** राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ मतगणना की जायेगी। सभी प्रत्याशी एवं राजनैतिक दल सुव्यवस्थित ढंग से मतगणना सम्पन्न कराने में सहयोगी बनें। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों एवं नगर निगम में महापौर एवं पार्षद का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों से कही। ज्ञात हो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों में मतों की गिनती 17 जुलाई को प्रातः 9 बजे शुरू होगी। नगर निगम ग्वालियर की मतगणना शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में की जायेगी।

बुधवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में मतगणना प्रभारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर, अपर जिला दण्डाधिकारी इच्छित गढ़पाले व एच बी शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) विनोद भार्गव, सभी एआरओ एवं सर्वश्री चन्द्रप्रकाश गुप्ता, आनंद शर्मा, चैनसिंह राजपूत, रामविलास गोस्वामी, सुल्तान सिंह व सतेन्द्र धाकड़ सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अन्य प्रतिनिधिगण तथा संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि सभी राजनैतिक दल एवं प्रत्याशी अपने-अपने गणना अभिकर्ताओं (एजेण्ट) को भी साफ तौर पर ताकीद कर दें कि गणना कक्ष में अपने निर्धारित स्थान पर ही बैठें और आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करें। प्रत्येक गणना टेबल पर महापौर व पार्षद पद के हर प्रत्याशी को केवल एक - एक गणना अभिकर्ता रखने की अनुमति रहेगी। जो गणना अभिकर्ता अपनी टेबल की बजाय कहीं और घूमते पाए गए तो उन्हें मतगणना केन्द्र से बाहर कर दिया जायेगा।

# शिष्य को अपने गुरू के प्रति बताये हुये कर्त्[व्यों का निर्वहन करना चाहिएः निगमायुक्त श्री कन्याल

### गुरू पर्णिमा के अवसर पर शासकीय ललित कला महाविद्यालय में व्यख्यान माला का आयोजन



ग्वालियर। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग एवं शासकीय ललित कला महाविद्यालय, ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में गुरूपूर्णिमा के अवसर पर गुरू-शिष्य परम्परा और उनके आपसी सानिध्य की वर्तमान स्थितियों को लेकर आज नृत्य, संगीत एवं रूपंकर कला केन्द्रित व्याख्यान वक्ता सुश्री शशिप्रभा तिवारी, नई दिल्ली द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं वक्ता सुश्री शशिप्रभा तिवारी, नई दिल्ली का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के तहत आयोजित इस आयोजन में गुरु की महानता के प्रति आदर करने की सांस्कृतिक पहल के बारे बताया और कहा कि युवा कलाकारों को कलाओं के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करते रहना चाहिये। गुरू हमेंशा विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करता है और शिष्य को अपने गुरू के प्रति बताये हुये कर्त्[तव्यों का निर्वहन करना चाहिये तथा कलाकार हमेशा अपनी कल्पनाओं के माध्यम से कला को प्रदर्शित करता है। चाहें वह संगीत हो चाहें ललित कला हो अपने मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन दिया। इसके साथ ही युवाओं को स्वच्छता अभियान की महत्ता के बारे में जानकारी दी तथा सभी से इस अभियान में जुड़ने का आह्वान किया.

मुख्य वक्ता सुश्री शशिप्रभा तिवारी ने कहा कि नृत्य, संगीत एवं रूपंकर कला एक-दूसरे के बिना अधूरे है। लय एवं ताल हमेशा ग्रामीण परिवेश से प्रारंभ होती है सभी कलाओं में चाहें वह संगीत, चाहें वह नाट्क, चाहें वह ललित कला हो। एक -दूसरे समन्वय से ही कला की उत्पत्ति होती है। सुर-ताल का भी संगम वर्तमान में युवा पीढ़ी को आगे बढ़कर समर्पित भाव से कार्य को निरंतर वढ़ाते रहना चाहिये। किसी भी कलाकार को धैर्य के साथ करना चाहिये । इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती मधुसूदन शर्मा, श्री अनूप शिवहरे, श्री उमेन्द्र वर्मा, श्री बृजमोहन आर्य, श्री मनीष चन्देरिया, श्रीमती रंजना तोमर, श्रीमती निहारिका सिंघल, श्री गिर्राज शर्मा, श्री ओमप्रकाश माहौर, श्री यशवन्त जाधव, श्री जुगलेश, श्री मनोज, श्री लोकेन्द्र शर्मा, श्री शिवपाल, श्रीमती कल्पना गौतम आदि उपस्थित रहें।

# मानसिक रोगियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं होना : अरूण मिश्रा

### मानसिक आरोग्यशाला के विकास के लिए बनाया जाए प्रोजेक्ट

### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एवं राज्य शासन के सहयोग से आयोजित हुई कार्यशाला



ग्वालियर। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायाधिपति श्री अरूण मिश्रा ने कहा है कि मानसिक रोगियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं होना चाहिए। उनका भी सामान्य मनुष्य की तरह मानव अधिकार है। मानसिक आरोग्यशालाओं में उपचार करा रहे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ आदर्श सुविधाएँ भी मुहैया होना चाहिए। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एवं राज्य शासन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने यह बात कही। बुधवार को ग्वालियर के एक स्थानीय होटल में आयोजित कार्यशाला में आरोग्यशाला को और बेहतर बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस मौके पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य श्री महेश मित्तल कुमार, श्री राजीव जैन व सचिव श्री देवेन्द्र कुमार सिंह, प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रेम नारायण सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं निश्क्त कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री प्रतीक हजेला, आयुक्त स्वास्थ्य श्री सुदाम खाण्डे, संचालक चिकित्सा शिक्षा श्री जितेन्द्र शुक्ला, संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, आईजी श्रीनिवास राव, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित मानसिक आरोग्यशाला के चिकित्सक और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायाधिपति श्री अरूण मिश्रा ने कहा है कि ग्वालियर के मानसिक आरोग्यशाला को आदर्श बनाने के लिये एक दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाए।

आरोग्यशाला में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ मरीजों के लिये भी आदर्श सुविधायें उपलब्ध हों। आरोग्यशाला में मरीज को इलाज के साथ-साथ योग एवं अन्य थैरेपियों के माध्यम से भी इलाज हो, ऐसे भी प्रबंध किए जाएं। आयोग के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि मानसिक आरोग्यशाला में ठीक हुए मरीजों को उनके परिवार तक पहुँचाने के लिए समाज की सोच में परिवर्तन लाने की भी पहल की जाना चाहिए। ठीक हुए मरीजों को जिनके परिजन नहीं ले जा रहे हैं, उन्हें कानून के दायरे में लाकर निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि वे अपने परिजनों को घर ले जा सकें। मानसिक रोगियों को भी ठीक होने के पश्चात समाज में उचित स्थान मिले और वह सामान्य मनुष्य की तरह अपना बेहतर जीवन जी सकें, इसके लिये शासकीय प्रयासों के साथ-साथ समाज के लोगों को भी आगे आकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मानसिक आरोग्यशाला का बेहतर विकास हो, इसके लिये धन की कमी नहीं है। हमें बेहतर कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन तेजी से करने की जरूरत है।

### कार्यशाला में बेहतर सुझाव प्राप्त होंगे

कार्यशाला के प्रारंभ में आयुक्त स्वास्थ्य श्री सुदाम खाण्डे ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार आयोग एवं राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में बेहतर सुझाव प्राप्त होंगे। राज्य शासन की ओर से मानसिक आरोग्यशालाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतगणना अभिकर्ताओं का प्रशिक्षण 15 जुलाई को

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों में मतगणना की तैयारियाँ लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। इसी कड़ी में 15 जुलाई को प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही मतगणना से संबंधित राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और मतगणना प्रक्रिया की जानकारी भी दी जायेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को अपरान्ह 3 से 4 बजे तक बाल भवन में नगर निगम ग्वालियर के महापौर पद के प्रत्याशियों के गणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। इसी कड़ी में अपरान्ह 4 बजे से सायंकाल 5 बजे तक सभी वार्डों के पार्षद पद के प्रत्याशियों के गणना अभिकर्ताओं को यह प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### 14 जुलाई को होगी जनपद सदस्य पद के परिणाम की घोषणा

ग्वालियर। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने बताया है कि 14 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से पंच, सरपंच और जनपद पंचायत सदस्य पद की मतगणना का सारणीकरण और निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जायेगी। साथ ही जिला पंचायत सदस्य के लिए मतों का विकासखंड स्तरीय सारणीकरण भी 14 जुलाई को किया जायेगा।

**जिला पंचायत सदस्य का परिणाम 15 जुलाई को**

जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 15 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से की जायेगी।

### निगम के पार्क विभाग ने शहर की सडकों के डिवाइडरों पर रोपे 15 सौ से अधिक रौधे

ग्वालियर। ग्वालियर शहर को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन निगम के पार्क विभाग द्वारा पौधारोपण का अभियान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए शहर में वृहद स्तर पर पौधा रोपड किया जाना है। जिसके तहत शहर की मुख्य रोडों पर बने डिवाइडरों पर आज लगभग 1500 से अधिक का पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिससे हमारा शहर हरा भरा बना रहे। जिसके तहत आज दक्षिण विधानसभा गुड़ी गुड़ा का नाका डिवाइडर पर 100 चम्पा के पेड़ों को रोपित किया गया एवं अंकुर एप पर अपलोड किए गए। इस अवसर पर पार्क पर्यवेक्षक श्री दिनेश कुशवाह उपस्थित रहे। ग्वालियर विधानसभा के अन्तर्गत शिंदे क़ी छावनी डिवाइडर पर 250 चम्पा प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। समाज सेवी ओर संस्था के माध्यम से 210 पौधों का रोपण किया गया। गांधी रोड पर कुल 700 सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया जिसमें पार्क विभाग द्वारा 15 सौ से अधिक पौधे विभिन्न स्थानों पर रोके गए।

### रिटायर्ड दरोगा के बैग से पचास हजार पार

ग्वालियर। शहर के महाराज वाडा स्थित स्टेट बैंक में पैसा जमा करने आए रिटायर्ड दरोगा का बैक काटकर चोर पचास हजार की नगदी निकाल ले गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार धोली बुआ का पुल निवासी गफूर खान 80 साल रिटायर्ड दरोगा है वह महाराज वाडा स्थित स्टेट बैंक में ?पचास हजार जमा करने आए थे। खिड़की पर जब पैसा जमा करने पहुंचे तो पैन कार्ड के कारण उन्हें दूसरे नंबर की खिड़की पर भेज दिया गया जब वह दूसरी खिड़की पर पहुंचे और बैग देखा तो कटा हुआ था और उसमें से पचास हजार की नगदी गायब थी ।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### नाबालिग की शादी करवाने वाले लोगों पर मामला दर्ज

ग्वालियर। देहात की चीनौर थाना पुलिस ने एक नाबालिक लड़की की शादी कराने के मामले में लड़की के सौतेले पिता मां सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लड़की को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है ।जानकारी के अनुसार चीन और निवासी राजा नामक युवक ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके सौतेले पिता बलदेव तथा मां संता ने उसकी 11 साल की बहन की शादी गिरगांव निवासी कमल के साथ कर दीहै। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गिरगांव में दबिश दी पता चला कि नाबालिग को आरोपी खेत पर रखे हुए हैं ।इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर नाबालिग को बरामद कर आरोपी कमल को दबोच लिया है ।पुलिस ने इस मामले में लड़की की मां सौतेले पिता सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शताब्दी एक्सप्रेस 15 से धौलपुर रुकेगी

ग्वालियर। नई दिल्ली से भोपाल के बीच चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को 15 जुलाई से धौलपुर स्टेशन पर रुकने के आदेश रेलवे बोर्ड ने दिए हैं। यह ठहराव 6 महीने के लिए निर्धारित किया गया है ।दिल्ली से चलकर भोपाल की ओर जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस सुबह 8ः42 पर धौलपुर पहुंचेगी ।वहीं भोपाल से नई दिल्ली की ओर जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस रात 8ः41 पर धौलपुर पहुंचेगी। शताब्दी को पहले भी धौलपुर में रोका जाता था लेकिन रेलवे बोर्ड ने यह ठहराव बंद कर दिया था ।अब इसे दोबारा शुरू किया जा रहा है।

### चंद्रा एजेंसी से जप्त की 5 किलो प्लास्टिक स्ट्रॉ, वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, भण्डारण, परिवहन, क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध होने पर निर्माता, स्टॉकिस्ट, रिटेलर तथा विक्रेताओं पर निगमायुक्त किशोर कन्याल के निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में छापामार कार्यवाही की जा रही है। अपर आयुक्त अतेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर विधानसभा कृष्ण शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी दक्षिण विधानसभा भीष्म कुमार पमनानी ने दलबल के साथ वार्ड क्रमांक 33 गेंडे वाली सड़क बाल्मिक मंदिर के सामने संचालित कैलाश जैन की चंद्रा एजेंसी कोल्डड्रिंक फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत फैक्ट्री से 5 किलो प्लास्टिक स्ट्रॉ जप्त कर 5000 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478